RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच







वर्ष : 26 | अंक : 68 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 28 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# देश के पहले हाइड्रोजन हब पोर्ट को हरी झंडी

## पीएम मोदी ने 17,300 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

**चेन्नई, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के थूथुकुडी में करीब 17,300 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में देश का पहला हाइड्रोजन हब पोर्ट और इनलैंड वाटर वे वेसल शामिल है। वेसल को हरित नौका इनिशिएटिव के तहत बनाया गया है। इसके साथ ही पीएम ने वीओ चिदंबरनार बंदरगाह पर आउटर हार्बर कंटेनर टर्मिनल की आधारशिला रखी।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थूथुकुडी में हरित नौका पहल के तहत भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को हरी झंडी दिखाई। इसके बाद, थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नए प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है। बताया जा रहा है इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रति वर्ष 24 प्रक्षेपण किए जा सकेंगे। इसरो के इस नए परिसर में 'मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर' (एमएलएस) तथा 35 केंद्र शामिल हैं। इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा, आज तमिलनाडु थूथुकुडी में प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। कई परियोजनाओं का उद्घाटन या शिलान्यास किया जा रहा है। यह परियोजनाएं विकसित भारत के रोडमैप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इन परियोजनाओं में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना भी देखने को मिलेगी।

उन्होंने कहा, सत्य कड़वा होता है, लेकिन सत्य जरूरी भी होता है। मैं यूपीए सरकार पर सीधा-सीधा आरोप लगा रहा हूं। जो प्रोजेक्ट्स मैं आज लेकर आया हूं, ये दशकों से यहां के लोगों की मांग थी। आज जो यहां सत्ता में हैं, वे लोग उस समय दिल्ली में सरकार चलाते थे, लेकिन उनको आपके विकास की परवाह नहीं थी। बातें तमिलनाडु की करते हैं, लेकिन तमिलनाडु की भलाई के लिए कदम उठाने की हिम्मत नहीं थी। आज मैं तमिलनाडु की धरती पर इस राज्य का भाग्य लिखने के लिए एक सेवक बनकर आया हूं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज भारत की पहली हाइड्रोजन ईंधन फेरी को लॉन्च किया गया है। यह फेरी जल्द ही काशी में गंगा नदी में चलेगी, यह एक तरह से तमिलनाडु के लोगों का काशी के लोगों को बहुत बड़ा उपहार है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने एक बार मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि देश के प्रमुख लाइटहाउस को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। आज मुझे देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित 75 लाइटहाउस में विकसित की गई पर्यटन सुविधाओं को देश को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है...यह नया भारत है।

### 'यह नया भारत है'

"प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने एक बार मन की बात कार्यक्रम में कहा था कि देश के प्रमुख लाइटहाउस को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। आज मुझे देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित 75 लाइटहाउस में विकसित की गई पर्यटन सुविधाओं को देश को समर्पित करने का सौभाग्य मिला है...यह नया भारत है।

जलमार्ग और समुद्री क्षेत्र को दशकों तक हमारे देश में उपेक्षा के साथ देखा गया, लेकिन यही उपेक्षित क्षेत्र आज विकसित भारत की बुनियाद बन रहे हैं। तमिलनाडु और दक्षिण भारत को इसका सबसे बड़ा लाभ मिल रहा है।

# हिमाचल में सियासी उठापटक तेज

### ● सीएम सुक्खू ने इस्तीफा देने की पेशकश की

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पद से इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान की तरफ से भेजे गए ऑब्जर्वर के सामने मुख्यमंत्री का पद छोड़ने की पेशकश की है। हालांकि उन्होंने अभी राज्यपाल को कोई इस्तीफा नहीं दिया है। उधर विधानसभा अध्यक्ष ने जयराम ठाकुर समेत 15 भाजपा के विधायकों को सस्पेंड कर दिया है।

अगर सुक्खू मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देते हैं, तो आज बजट पास नहीं हो पाएगा। इससे सरकार के सामने संवैधानिक संकट खड़ा हो सकता है। सूत्रों ने बताया कि आज शाम तक सुक्खू औपचारिक तौर पर इस्तीफा राज्यपाल को सौंप सकते हैं। इस बीच कर्नाटक के डिप्टी सीएम और कांग्रेस के संकटमोचक कहे जाने वाले डीके शिवकुमार शिमला पहुंच रहे हैं।

### सुक्खू सरकार के मंत्री विक्रमादित्य ने दिया इस्तीफा



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। बुधवार को राज्य विधानसभा परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने इसका एलान किया। उन्होंने कहा कि एक साल के घटनाक्रम में विधायकों की अनदेखी हुई। आवाज दबाई गई। शिलान्यास मामले में मेरे विभाग के अफसरों को नोटिस दिए गए। वह वीरभद्र सिंह के कदमों पर चल रहे हैं।

# यूपी में 15 आईएएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ, एजेंसी।** शासन ने देर रात प्रदेश के 15 वरिष्ठ आईएएस अधिकरियों का तबादला कर दिया। इसके तहत उत्तर प्रदेश के आईएएस रजनीश दुबे राजस्व परिषद के नए चेयरमैन बने। वहीं उत्तर प्रदेश के आईएएस राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव सहकारिता बने। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के आईएएस राजेश कुमार सिंह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### पांच अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

आपको बता दें सोमवार (26 फरवरी) को भी उत्तर प्रदेश सरकार ने 5 आईएएस अधिकारियों का तबादला किया था। जिसमें अयोध्या नगर आयुक्त और उपाध्यक्ष विशाल सिंह को विशेष सचिव नियुक्ति और कार्मिक विभाग पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष शर्मा को नगर आयुक्त अयोध्या का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं नगेन्द्र प्रताप सिंह को आयुष विभाग डीजी बनाया गया है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर अश्विनी कुमार पांडे को तैनात किया गया है। श्याम बहादुर सिंह को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। साथ ही ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। जिसके बाद एक बार फिर से 15 आईएएस अफसरों का तबादला किया गया है।

# महिला व युवक ने लगाई फांसी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थान पर एक महिला तथा एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह को कारण बताया जा रहा है। पुलिस दोनों मामलों की जांच पड़ताल कर रही है।

थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-121 के डूब क्षेत्र में बिहार निवासी राकेश मिश्रा अपनी पत्नी व बच्चों के साथ रह रहा है। राकेश मिश्रा जब घर पहुंचा तो उसे उसकी पत्नी रूपम मिश्रा फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। राकेश मिश्रा ने पड़ोसियों की मदद से अपनी पत्नी को नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां चिकित्सकों से उसे मृत्यु घोषित कर दिया।



जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। वहीं थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के जलपुरा गांव में किराए पर रहने वाले हरदोई निवासी राजकुमार उर्फ गुड्डू पुत्र कनई ने अपने घर में फांसी लगा ली। घटना के समय गुड्डू की पत्नी किसी काम से बाहर गई थी जब वह वापस लौटी तो उसे गुड्डू फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## पिस्टल की बट मारकर सुरक्षा अधिकारी को किया घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख क्षेत्र के सुपरटेक इको प्लेस वन में सहायक सिक्योरिटी ऑफिसर को ऑफिस में बुलाकर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंग नवाब भाटी ने पिस्तौल की बट से उसके सिर पर वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। ग्राम कचेडा निवासी अमित नागर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह सुपरटेक इको विलेज वन में अस्सिटेंट सिक्योरिटी ऑफिसर के रूप में कार्यरत है। 27 फरवरी की दोपहर को रामपुर गांव निवासी नवाब भाटी ने उसे जी-5 टावर में बने अपने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## विभिन्न सड़क हादसों में शिक्षक समेत दो ने दमतोड़ा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सड़क हादसों में एक शिक्षक सहित दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मूल रूप से शाहजहांपुर निवासी परमेश्वर दयाल (56 वर्ष) को गंभीर स्थिति में नोएडा के मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब चार दिन पूर्व शाहजहांपुर में सड़क हादसे में परमेश्वर दयाल गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें शाहजहांपुर से उपचार के लिए नोएडा लेकर आए थे। उपचार के दौरान बीती रात उनकी मौत हो गई। परमेश्वर दयाल शाहजहांपुर में इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। थाना सेक्टर-24 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं थाना सेक्टर-63 क्षेत्र के छिजारसी चौकी के पास तेज गति में आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से बाइक सवार विपिन कुमार गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया। विपिन कुमार गुप्ता की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# खौलते पानी की बाल्टी पलटने से बच्चे की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** बिशनपुर गांव में नहाने के लिए रखे गए गर्म पानी की बाल्टी डेढ़ साल के बच्चे पर पलट गई। गर्म पानी से जलने के कारण बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

बिशनपुर की भाई जी मार्केट में रहने वाले अनुज कुमार के पिता ने 18 फरवरी को नहाने के लिए गर्म पानी करवाया था। गर्म पानी की बाल्टी बाथरूम में रखी हुई थी इस दौरान अनुज कुमार का डेढ़ साल का बेटा मनु बाथरूम में चला गया। बाथरूम में खेलने के दौरान गर्म



पानी की बाल्टी मनु के ऊपर पलट गई जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। बच्चे के चीखने की आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और बच्चे की हालत देखकर उनके होश उड़ गए। गंभीर स्थिति में बच्चों को उपचार के लिए विनायक अस्पताल ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान बच्चों ने दम तोड़ दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-58 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

## क्राइम फाईल

### बेलगाम ऑडी कार दीवार से टकराई, 5 घायल

**नोएडा (चेतना मंच)।** बीती रात तेज गति में आ रही ऑडी कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने शौचालय की दीवार से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

मंगलवार देर रात हरियाणा नंबर की एक ऑडी कार सेक्टर-18 से सेक्टर-37 अंडर पास की ओर जा रही थी। स्पीड ज्यादा होने से चालक नियंत्रण खो बैठा और कार सेक्टर-37 के पास बने शौचालय की दीवार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि शौचालय की दीवार टूट गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### चोरी की बाइक समेत 2 चोर गिरफ्तार

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दो चोरों को गिरफ्तार किया है इनके पास से तमंचा कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। पकड़े गए दोनों आरोपी चोरी की बाइक पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के रास्ते से घूम रहे थे। निठारी चौकी प्रभारी सत्यवीर सिंह परमार पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि चोरी की एक बाइक पर दो शातिर बदमाश अट्टा की तरफ से सेक्टर-30 नोएडा की तरफ आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर मुखबिर के इशारे पर बाइक सवार दो युवकों को रोका। संदेह के आधार पर ली गई तलाशी में उनके पास से तमंचा, कारतूस और चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम सुमित पुत्र संतोष व आदित्य पुत्र महावीर बताया। दोनों बदमाशों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक सेक्टर-50 सुपरटेक के पास पार्क के (शेष पृष्ठ-3 पर)



## किशोरी को बहला फुसलाकर ले गया पड़ोसी

**ग्रेटर नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे से एक नाबालिग किशोरी को पड़ोस में रहने वाला युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के परिजन ने युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से फर्रुखाबाद निवासी मनोज (काल्पनिक नाम) अपने परिवार के साथ कासना कस्बे में रह रहे हैं। मनोज ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि 7 फरवरी को उनके (14 वर्षीय) बेटी घर से लापता हो गई। उन्हे पता चला कि पड़ोस में रहने वाला जयपाल सिंह यादव उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ नाम से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और लापता किशोरी व आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

# पुलिस के हत्थे चढ़े दो बदमाश, गोली से एक घायल

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शारदा गोल चक्कर के पास पुलिस बैरियर तोड़कर भाग रहे सफारी कार सवार दो बदमाश पुलिस की हत्थे चढ़ गए। मुठभेड़ के दौरान गोली से एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश के दूसरे साथी को पुलिस में कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों बदमाश सफारी कार में सवार होकर रेकी करने के बाद चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

ग्रेटर नोएडा जोन के एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि थाना नॉलेज पार्क प्रभारी डॉक्टर विपिन कुमार पुलिस टीम के साथ शारदा गोल चक्कर पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे।

इस दौरान तेज गति में आ रहे टाटा सफारी का के चालक ने पुलिस बैरियर में जोरदार टक्कर



मार दी और भाग निकला। पुलिस ने सफारी कार का पीछा किया। कुछ दूर जाने पर कार अचानक बंद हो गई और उससे दो बदमाश निकलकर भागने लगे।

पुलिस के घेराबंदी करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा जबकि दूसरा फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दबोच लिया और दूसरे बदमाश की तलाश में कांबिंग शुरू की। कुछ ही देर बाद दूसरे बदमाश को भी पुलिस टीम ने दबोच लिया। एडीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश ने अपना नितेश पुत्र हरिचंद निवासी ग्राम सनवर्षा जिला सहरसा बिहार तथा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## एक्सपोर्ट कंपनी में लगी आग, लाखों का कपड़ा स्वाह

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-2 क्षेत्र के सेक्टर-88 में आज सुबह एक एक्सपोर्ट कंपनी के बेसमेंट में आग लग गई। बेसमेंट में कपड़ा रखा होने के कारण थोड़ी ही देर में आग में विकराल रूप धारण कर लिया। बेसमेंट से आग की ऊंची ऊंची लपटों को निकलता देखकर आस-पड़ोस के लोगों में हड़कंप मच गया। चीफ फायर ऑफिसर प्रदीप चौबे ने बताया कि आज सुबह सूचना मिली कि सेक्टर 88 सी ब्लॉक स्थित एक एक्सपोर्ट कंपनी के बेसमेंट में आग लग गई है। सूचना के आधार पर तुरंत दो गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बेसमेंट में कपड़ा रख होने के कारण आज लगातार भड़क रही थी। आग की भयावहता को देखते हुए तीन और दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सीएफओ ने बताया कि बेसमेंट में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## रवि काना के मकान पर कुर्की का नोटिस चस्पा

**नोएडा (चेतना मंच)।** स्क्रैप व सरिया माफिया रवि काना के खिलाफ गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट लगातार कड़ी कार्रवाई कर रही है। रवि काना की संपत्ति को कुर्क करने के लिए आज उसके पैतृक गांव दादूपुर स्थित मकान पर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया गया। ढोल नगाड़ों के बीच पुलिस ने मकान पर नोटिस चस्पा करने की कार्यवाही की। थाना नॉलेज पार्क प्रभारी विपिन कुमार आज पुलिस बल के साथ दादूपुर गांव पहुंचे। उन्होंने ढोल नगाड़ों के बीच स्क्रैप माफिया रवि काना के घर पर संपत्ति कुर्क किए जाने के लिए धारा 82 का नोटिस चस्पा किया। बता दें कि स्क्रैप माफिया रवि काना के खिलाफ थाना सेक्टर 39 में गैंगरेप का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गैंगरेप का मुकदमा दर्ज होने के बाद थाना बीटा दो में (शेष पृष्ठ-3 पर)

## इंजन व चेसिस नंबर बदलकर बेचते थे चोरी की कार, दो दबोचे

**नोएडा (चेतना मंच)।** अगर आप किसी अनजान व्यक्ति से कार खरीद रहे हैं तो अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। ऐसा ना हो कि कागजात सही होने के बावजूद भी उक्त वाहन चोरी का हो। कुछ मैकेनिक डैमेज वाहनों को खरीद कर उनके चेसिस में इंजन नंबर को चोरी के वाहनों पर लगाकर उन्हें बेच रहे हैं। थाना सेक्टर-63 पुलिस ने ऐसे ही दो मैकेनिकों को गिरफ्तार किया है। यह मैकेनिक टोटल एक्सीडेंटल टोटल लॉस वाली कारों के चेसिस और इंजन नंबर चोरी के वाहनों पर डालकर उन्हें बेचते थे।

थाना प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एसजेएम कट के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि दो चोर चोरी की एक ऑल्टो कार को बेचने की फिराक में गिट्टी प्लांट के पास खड़े हुए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अल्टो कर के साथ दो लोगों को पकड़ लिया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम अख्तर अली पुत्र निजामुद्दीन व हाकम अली पुत्र मोहम्मद हारुन बताया। दोनों आरोपियों के पास से बरामद ऑल्टो कार का बोनट खोलकर जब रजिस्ट्रेशन नंबर और इंजन नंबर चेक किया गया तो पता चला कि चेचिस नंबर (शेष पृष्ठ-3 पर)

# युवाओं में फतह का जोश भर गये भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष

## उत्तर प्रदेश में 80 सीटों पर खिलेगा भाजपा का कमल : प्रांशुदत्त द्विवेदी






**नोएडा (चेतना मंच)।** चुनावी बेला में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य प्रांशुदत्त द्विवेदी युवाओं से लोकसभा चुनाव फतह का जोश भर गए। उन्होंने कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश में सभी 80 सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा तथा विपक्ष ताकता रह जाएगा। उनके संबोधन के बाद युवा कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में जयश्रीराम के नारे लगाकर माहौल (शेष पृष्ठ-3 पर)


सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा


फ़ोन .08750611103

# 'संक्रमण' चिंताजनक

अमरीका, यूरोप, ब्रिटेन के बाद भारत में खसरा फैल रहा है। हालांकि यह कोरोना महामारी सरीखा जानलेवा संक्रमण नहीं है, लेकिन त्वचा से जुड़ा खतरनाक संक्रमण जरूर है। इसे घरेलू स्तर पर 'माता', 'चेचक', 'शीतला माता' कहा जाता है और घरेलू, देशी टोटकों से ही इसका इलाज करने की कोशिशें की जाती हैं, लेकिन समय पर खसरे का यथोचित मेडिकल इलाज न किया जाए, तो यह गंभीर जटिलताओं, आजीवन विकलांगता और अंतत: मौत का कारण भी बन सकता है। यह फेफड़ों और मस्तिष्क को प्रभावित कर सकता है। निमोनिया, मेनिनजाइटिस, अंधापन और दौरे का कारण भी बन सकता है। भारत में खसरे के संक्रमण का फैलाव चिंताजनक है, क्योंकि देश में औसतन हर साल करीब 10 लाख लोग खसरे का शिकार होते हैं। हालांकि औसतन मौत का कोई निश्चित डाटा उपलब्ध नहीं है, लेकिन इतने व्यापक स्तर पर लोग संक्रमित होते हैं, तो जाहिर है कि मौत का संभावित आंकड़ा भी उसी के अनुपात में ही होगा! खसरे के कुछ लक्षण कोरोना वायरस सरीखे हैं। यह संक्रमण भी किसी संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने से, मुंह की लार से, हाथ मिलाने या गले लगाने से, गर्भावस्था या प्रसव अथवा देखभाल के दौरान मां से बच्चे को हो सकता है। खांसने या छींकने का वायरस हवा में और सतहों पर रह सकता है। यदि कमरे में खसरा पीड़ित है और वह वहां से चला गया है, तो आप एक घंटे बाद ही वहां जाएं। यह सावधानी न बरतने पर खसरे से संक्रमित होने का खतरा 90 फीसदी है। संक्रमित के मुंह या नाक से बहते द्रव्य के सीधे या हवा के जरिए संपर्क में आने से भी संक्रमण हो सकता है। ये विभिन्न डॉक्टरों के शोधों और प्रयोगों के ही निष्कर्ष हैं। त्वचा पर लाल दाने या चकत्ते निकल आएं और उनमें तेज खुजली और जलन हो, तो ये खसरे के शुरुआती लक्षण हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत, अमरीका और यूरोप में खसरे के फैलते संक्रमण पर चिंता जताई है और चेतावनी भी जारी की है। खसरा लाइलाज वायरस नहीं है। बाजार में इसके टीके उपलब्ध हैं। टीकाकरण खसरा रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। खसरा और रूबेला का टीका आमतौर पर दो खुराक में दिया जाता है। पहली खुराक बच्चे की 12-15 माह की उम्र में ही देनी चाहिए और दूसरी खुराक 4-6 साल की उम्र में दी जाती है। हालांकि भारत में खसरा टीकाकरण की सुविधाएं मौजूद हैं, फिर भी 2022 में करीब 11 लाख बच्चे भारत में खसरे के टीके की पहली खुराक लेने से ही चूक गए। यह आंकड़ा विश्व स्वास्थ्य संगठन का है। नतीजतन भारत उन 10 देशों की जमात में आ गया, जहां महामारी के बाद भी खसरे के टीकाकरण में सबसे ज्यादा कमी आई है। वैज्ञानिकों और चिकित्सकों का मानना है कि टीका खसरे को रोकने में काफी असरदार है। किसी स्कूल या समुदाय में टीकाकरण दर 93 फीसदी या उससे अधिक है, तो उसकी सामूहिक प्रतिरक्षा काम कर सकती है। भारत सरकार विभिन्न टीकाकरण के अभियान चलाती रही है और लगभग सभी टीके मुफ्त ही लगाए जाते हैं, फिर भी 11 लाख बच्चों से जुड़ी कोताही की जाएगी, तो यही संक्रमण एक दिन 'महामारी' भी साबित हो सकता है। ब्रिटेन में चिकित्सक मानते हैं कि खसरे के मद्देनजर स्वास्थ्य की अनदेखी हुई है। नियमों की अवहेलना की गई है और अब काफी खराब हालात हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, 2021 में दुनिया भर में खसरे से करीब 1,28,000 मौतें हुई थीं। यह अनुमानित आंकड़ा है। अब तीन साल बाद मौतों का आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। मरने वाले लोगों की औसतन उम्र 5 साल से कम बताई जा रही है। ये कोई सामान्य आंकड़े नहीं हैं। खतरनाक तथ्य है कि खसरे के मामले 30 गुना बढ़े हैं, लेकिन टीकाकरण की औसत दर गिरती रही है। चूंकि कोरोना वैश्विक महामारी के बाद अब लोग खुल कर विदेश यात्राएं कर रहे हैं, लिहाजा खसरे का संक्रमण भी एक-दूसरे देश में फैल रहा है।

# क्या लोकसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन भाजपा के लिये चुनौती बन पायेगा?

अंधेरों एवं निराशा के गर्त में जा चुके एवं लगभग बिखर चुके इंडिया गठबंधन के लिए कुछ अच्छी खबरों ने जहां उसमें नये उत्साह का संचार किया है वहीं भारतीय जनता पार्टी के लिये चिन्ता के कारण उत्पन्न किये हैं। पहले उत्तर प्रदेश और फिर दिल्ली में समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने टूट की कगार पर पहुंचे इंडिया गठबंधन में वर्ष 2024 के आम चुनावों को लेकर संभावनाभरी तस्वीर को प्रस्तुत किया है। अब ये चुनाव दिलचस्प होने के साथ कुछ सीटों पर कांटे की टक्कर वाले होंगे। इन नये बन रहे चुनावी समीकरणों के बावजूद भाजपा के लिये अभी कोई बड़ा संकट नहीं दिख रहा है। भले ही इंडिया गठबंधन डींगे हांके कि वह भाजपा एवं उसके गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने की स्थिति आ गयी है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों का जब गठबंधन बना तभी यह आशंका की गयी कि यह कितनी दूर चल पायेगा, टिक पायेगा भी या नहीं? कुछ हालात तो ऐसे भी बने कि इसके तार-तार होने की संभावनाएं बलवती हुई। भले ही अब कुछ सीटों पर दलों के बीच सहमति बनी हो लेकिन अभी कई महीने निकल जाने के बाद भी विधिवत रूप से इंडिया गठबंधन के संयोजक का नाम घोषित नहीं हो पाना अनेक सन्देहों एवं अटकलों का कारण बना हुआ है।

सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है। विचार फर्क भी होता है। मन-मुटाव भी होता है पर मर्यादापूर्वक। लेकिन अब इस आधार को ताक पर रख दिया गया है। राजनीति में दुश्मन स्थाई नहीं होते। अवसरवादिता दुश्मन को दोस्त और दोस्त को दुश्मन बना देती है। यह भी बड़े रूप में देखने को मिल रहा है। राजनीति नफा-नुकसान का खेल बन रहा है, मूल्य बिखर रहे हैं। चारों ओर सत्ता की भूख बिखरी है। पिछले कुछ समय से इंडिया गठबंधन को एक के बाद एक कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाले रखा। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी राजनीतिक जिजीविषा महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में रालोद के जयंत चौधरी भी इंडिया गठबंधन का हाथ थामते-थामते एनडीए में शामिल हो गए।




**सत्ता तक पहुंचने के लिए जिस प्रकार दल-टूटन व गठबंधन हो रहे हैं इससे सबके मन में अकल्पनीय सम्भावनाओं की सिहरन उठती है। राष्ट्र और राष्ट्रीयता के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लगने लगा है। कुछ अनहोनी होगी, ऐसा सब महसूस कर रहे हैं। प्रजातंत्र में टकराव होता है।**

इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस ने अनेक झटके झेले। छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा और एनडीए नेतृत्व की सक्रियता एवं राजनीतिक कौशल इतना तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा।

आम आदमी पार्टी एवं समाजवादी पार्टी जैसे दल अपनी साख बचाने एवं सत्ता के करीब बने रहने के लिये सीटों के बंटवारे पर सहमत हुए हैं, उसमें कांग्रेस का घुटने टेकना भी उसकी टूटती सांसों को बचाने की जद्दोजहद ही कहीं जायेगी। कांग्रेस एवं अन्य दलों के बीच सहमति के स्वर उभरने से आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। लेकिन अहम सवाल तो यही है कि क्या गठबंधन की गाड़ी आगे और हिचकोले नहीं खाएगी? क्या यह दावा पूरी दृढ़ता से किया जा सकता है?

अरविन्द ने कांग्रेस से सीटों पर सहमति बनाकर पलटूराम ही बने हैं। जी-भरकर एक-दूसरे को कोसने वाले जब हाथ मिलाएं तो आश्चर्य होना स्वाभाविक है। देखा जाये तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच चुनावी गठबंधन होना मूल्यहीनता एवं सिद्धान्तहीनता की चरम पराकाष्ठा है क्योंकि कांग्रेस की नीतियों के खिलाफ लड़ कर और आंदोलन खड़ा करके ही आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ था। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब की सत्ता से कांग्रेस को बाहर किया और अपनी स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई। आम आदमी पार्टी के चमत्कारिक प्रदर्शन के चलते ही गुजरात में कांग्रेस ने अब तक का सबसे निराशाजनक प्रदर्शन किया।

आम आदमी पार्टी ने गोवा में भी कांग्रेस को काफी नुकसान पहुँचाया और हरियाणा में भी अपने संगठन का आधार बढ़ाया। ताजा कांग्रेस एवं आम आदमी पार्टी की सहमति से कांग्रेस को ही नुकसान होना है। केजरीवाल की बजाय ममता बनर्जी ने अलग छाप छोड़ी है। उसने बंगाल में कांग्रेस के लिए उनकी मौजूदा दो लोकसभा सीटों को ही छोड़ने की बात कह कर कांग्रेस के अधिक सीटों पर दावा करने के कारण स्वतंत्र चुनाव लड़ने की घोषणा कर गठबंधन को धराशायी किया। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल ही नहीं, बल्कि त्रिपुरा, असम और गोवा में भी स्वतंत्र चुनाव लड़ने की बात कह रही हैं, जिससे कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में निराशा ही हाथ लगेगी।

इंडिया गठबंधन के नये बन रहे सकारात्मक परिदृश्यों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक सेहत पर कोई असर न झलकना उनकी राजनीतिक परिपक्वता की परिचायक है। 2024 के चुनावों में भाजपा के लिए 370 और एनडीए के लिए 400 सीटों का लक्ष्य तय करने के मोदी के लक्ष्य के सामने अभी भी कोई बड़ी चुनौती दिख नहीं रही है। इन बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए भाजपा एवं मोदी अपनी सीटें कहां से बढ़ा सकेंगे, इसके लिये भाजपा दोतरफा रणनीति पर काम कर रही है। पहली है, दक्षिणी राज्यों में पैठ बनाना। यह स्वाभाविक भी है क्योंकि भाजपा पहले ही उत्तर-पश्चिम के कई राज्यों में चरम पर पहुंच चुकी है। दूसरी रणनीति है पुराने सहयोगियों को एनडीए में वापस लाने और नए सहयोगियों को जोड़ने की, जिसमें वह अब तक काफी हद तक सफल भी रही है। जदयू एनडीए के साथ फिर से आ गई है, रालोद भी एनडीए में लौट आई है, पंजाब में अकाली दल को वापस लाने के प्रयास जारी हैं और तेदेपा के साथ बातचीत अंतिम चरण में है। कुछ और पार्टियां एनडीए में शामिल हो सकती हैं। लेकिन एनडीए के विस्तार भर से भाजपा को 2024 में 370 सीटें नहीं मिलने वालीं। अभी उसे काफी जोड़-तोड़ करने होंगे।

गौरतलब है कि अमित शाह ने तमिलनाडु की कमान संभाल ली है और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलै को काम करने की खुली छूट दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी तमिलनाडु का दौरा किया है, जिसे दक्षिण में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। केन्द्रीय मंत्रियों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ सक्रिय किया गया है। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। राम मंदिर का उत्साह निश्चित रूप से उत्तर भारतीय हिंदी पट्टी के राज्यों में अधिक है, लेकिन दक्षिण भी भाजपा को कुछ चुनावी लाभ दे सकता है। याद रहे कि भाजपा ने पहले ही दक्षिण भारतीय राज्यों के लिए मतदाता-पहुंच कार्यक्रम शुरू कर दिया है। तेलंगाना और केरल आदि दक्षिण के राज्यों पर भाजपा विशेष बल दे रहा है, वहां भी इस बार अच्छा प्रदर्शन होने की संभावना है। भाजपा के राजनीतिक समीकरणों एवं रणनीतियों के चलते स्वतंत्र भारत का सबसे दिलचस्प चुनाव में अपने तय लक्ष्यों के अनुरूप ऐतिहासिक जीत को हासिल कर लें तो कोई आश्चर्य नहीं है।

**-ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)**

# पश्चिम बंगाल में अत्याचार और भ्रष्टाचार के पुराने सभी रिकॉर्ड टूटते जा रहे हैं

पश्चिम बंगाल में ममता सरकार के तौर-तरीकों से यही लगता है यह भारत का नहीं बल्कि किसी दूसरे मुल्क का हिस्सा है। देश का यह एक ऐसा प्रदेश बनता जा रहा है जहां संविधान के अनुसार शासन करने की जद्दोजहद जारी है। पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार की मनमर्जी ने इस प्रदेश के हालात बिगाड़ दिए हैं। पश्चिम बंगाल ऐसे प्रदेश की शक्ल इख्तियार करता जा रहा है, जहां सरकार समर्थित लोगों पर भ्रष्टाचार और गंभीर अपराधों के आरोप लगे हैं। घोटालों, चुनावी हिंसा और हाल ही में संदेशखाली में महिलाओं से बलात्कार के मामलों से पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की नौबत आ गई है। हालांकि केंद्र की भाजपा सरकार यह गलती नहीं करेगी। ऐसी स्थिति में न सिर्फ राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ सकती है, बल्कि ममता बनर्जी को सहानुभूति का फायदा भी मिल सकता है। यही वजह है कि संदेशखाली की घटना के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग और प्रदेश भाजपा की राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग के बावजूद केंद्र सरकार ने इस कोई फैसला नहीं लिया।

घोटालों और चुनावी हिंसा के कारण बदनामी का कलंक झेलने वाली ममता सरकार अब संदेशखाली में हिन्दू महिलाओं से बलात्कार के मामले में सुर्खियों में है। संदेशखाली के सरगना शाहजहां शेख के आतंक की कहानी ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। तृणमूल कांग्रेस समर्थित अपराधियों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भी उनके हमलों से सुरक्षित नहीं हैं। संदेशखाली में मनी लॉन्ड्रिंग में छापे के कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय की टीम को हमले का शिकार बनाया गया। जब अधिकारियों ने संदेशखाली में उसके घर में घुसने की कोशिश की तो 2,000 से ज्यादा लोगों की भीड़ ने लाठी, डंडे और रॉड से हमला बोल दिया। इस घटना के बाद ही शेख के काले कारनामों का खुलासा हुआ। ममता सरकार ने इस मामले को दबाने-छिपाने में कोई कसर बाकी नहीं रखी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए गए राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम को मौके पर नहीं जाने दिया गया। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी भी संदेशखाली कोर्ट की परमिशन से पहुंच सके।

कलकत्ता हाई कोर्ट ने संदेशखाली में यौन उत्पीडन् के आरोपों पर स्वत~ संज्ञान लिया। हाई कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि शाहजहां शेख के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। कोर्ट ने संदेशखाली मामले में पूरे मामले में राज्य की सरकार से रिपोर्ट भी मांगी है। अब सरकार को हाई कोर्ट में हलफनामा देना होगा। इस हलफनामे में सरकार को बताना होगा कि संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं के लिए अब तक क्या-क्या किया गया है? शाहजहां पर पहले भी गंभीर आरोप लगे थे। इसमें जबरन वसूली, हमला, बलात्कार और हत्या शामिल है। हालांकि उसे सजा नहीं हुई। 2020 में जब उस पर दो भाजपा नेताओं की हत्या का आरोप लगा तब भी वह फरार हो गया था। संदेशखाली प्रोटेस्ट के बाद उसके दो करीबियों शिबू हजारा और उत्तम सरदार को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था के हालात कितने खराब हैं, इसका अंदाजा चुनावी हिंसा के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से लगाया जा सकता है। पश्चिम बंगाल में 2021 में राज्य चुनाव के बाद हुई हिंसा मामले मे सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालतों में चल रही सुनवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को



नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। ये अंतरिम आदेश सीबीआई की उस याचिका पर दिया गया है, जिसमें सीबीआई ने राज्य में चुनावों के बाद हुई हिंसा के मामलों की सुनवाई राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की गुहार लगाई थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि राज्य में गवाहों को धमकाया जा रहा है और राज्य की एजेंसियां मूकदर्शक बनी हुई हैं।

पश्चिम बंगाल ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कथित तौर पर चुनाव के बाद हिंसा के दौरान हुई हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की सीबीआई जांच का आदेश दिया गया था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने यह आदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सात सदस्यीय समिति की एक रिपोर्ट के आधार पर दिया था। हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया था। आदेश मई 2021 में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद, हिंसा के कारण अपने घरों से भागने वाले कई लोगों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और दावा किया था कि सत्तारुढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के डर से वो अपने घर नही लौट पा रहे हैं।

पश्चिम बंगाल ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ई.डी.) ने शिक्षक भर्ती घोटाले का खुलासा किया जिसमें सरकार के 2 मंत्री संलिप्त हैं। राज्य के शिक्षा राज्यमंत्री परेश चंद्र अधिकारी और उनकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुई है। इससे पहले ममता सरकार में कोयला घोटाला, पशु तस्करी घोटाला, शारदा चिट फंड घोटाला, रोज वैली घोटाला हुआ है। ममता बनर्जी सरकार ने लगता है कि घोटालों का बंगाल माडल बना दिया है। बीजेपी ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप लगाया। पैसे के बाद काम होने पर एक साल के अंदर यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट देना होता है। 1.9 लाख करोड़ रुपये का ममता सरकार ने यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया है। ममता सरकार ने 2018 से 2021 तक 2.4 करोड़ का यूटिलाइजेशन सर्टिफिकेट नहीं दिया गया। इसमें ग्रामीण विकास, शहरी विकास और शिक्षा मंत्रालय है। इन विभागों में ज्यादा भ्रष्टाचार है।

पश्चिम बंगाल में अपराधों के अलावा घोटालों की हालत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि करीब एक दर्जन तृणमूल के नेता जेलों में बंद हैं। इनमें से ज्यादातर को जमानत तक नहीं मिल सकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में ममता सरकार में मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया और उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी को हिरासत में लिया जिनके घर से करीब 20 करोड़ रुपए मिले थे। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर ई.डी. की टीम पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के आरोपी पार्थ चटर्जी के घर पहुंची थी। जब यह कथित घोटाला हुआ था, तब चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। मौजूदा परिदृश्य से यही लगता है कि ममता बनर्जी अपनी मर्जी के हिसाब से सरकार चलाना चाहती है। एनआईए, सीबीआई और ईडी ने भ्रष्टाचार या अपराधों के मामलों में देश के दूसरे राज्यों में भी कार्रवाई की है, किन्तु जांच एजेंसियों को जिस तरह का हिंसात्मक विरोध का सामना पश्चिमी बंगाल में करना पड़ा है, वैसा देश के किसी भी दूसरे राज्य में देखने को नहीं मिला। घपले-घोटालों के एक भी मामलों से ममता सरकार मुक्त नहीं हो सकी। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी ने पश्चिमी बंगाल में मजबूत राजनीतिक पकड़ बना रखी है।

यही वजह है कि पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस राज्य में सत्ता में बनी हुई है। कांग्रेस, भाजपा और वाम दल पश्चिम बंगाल में जड़े जमाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। लेकिन पूर्व के चुनावों तक ममता ने इन्हें टिकने नहीं दिया। सत्ता में लंबे समय से बने रहने का ममता बनर्जी ने शायद यह मतलब निकाल लिया है कि पश्चिम बंगाल में उनकी मर्जी ही कानून है, यही वजह है कि ममता सरकार को विभिन्न मामलों में हाईकोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक से फटकार खानी पड़ी है। ममता बनर्जी को यह समझना है कि नेताओं की लोकप्रियता का अर्थ यह कदापि नहीं हो सकता है कि देश के कानून से खिलवाड़ किया जाए। यदि लोकप्रियता और सत्ता ही पैमाना होता तो देश में लालू यादव सहित दर्जनों ऐसे नेता हैं, जिन्होंने न सिर्फ सत्ता गंवाई बल्कि जेल का मुंह भी देखा है।

**-योगेन्द्र योगी**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि वे अपने पिछले मोह को समझकर (याद करके) पछताने लगे कि मैंने अनादि ब्रह्म को मनुष्य करके माना। गरुड़जी ने बार-बार काकभुशुण्डिजी के चरणों पर सिर नवाया और उन्हें श्री रामजी के ही समान जानकर प्रेम बढ़ाया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**गुर बिनु भव निध तरइ न कोई। जौं बिरंचि संकर सम होई॥**
**संसय सर्प ग्रसेउ मोहि ताता। दुखद लहरि कुतर्क बहु ब्राता॥**

गुरु के बिना कोई भवसागर नहीं तर सकता, चाहे वह ब्रह्माजी और शंकरजी के समान ही क्यों न हो। (गरुड़जी ने कहा-) हे तात! मुझे संदेह रूपी सर्प ने डस लिया था और (साँप के डसने पर जैसे विष चढ़ने से लहरें आती हैं वैसे ही) बहुत सी कुतर्क रूपी दु:ख देने वाली लहरें आ रही थीं॥

**तव सरूप गारुड़ि रघुनायक। मोहि जिआयउ जन सुखदायक॥**
**तव प्रसाद मम मोह नसाना। राम रहस्य अनूपम जाना॥**

आपके स्वरूप रूपी गारुड़ी (साँप का विष उतारने वाले) के द्वारा भक्तों को सुख देने वाले श्री रघुनाथजी ने मुझे जिला लिया। आपकी कृपा से मेरा मोह नाश हो गया और मैंने श्री रामजी का अनुपम रहस्य जाना॥

**दो0-ताहि प्रसंसि बिबिधि बिधि सीस नाइ कर जोरि।**
**बचन बिनीत सप्रेम मृदु बोलेउ गरुड़ बहोरि॥**

उनकी (भुशुण्डिजी की) बहुत प्रकार से प्रशंसा करके, सिर नवाकर और हाथ जोड़कर फिर गरुड़जी प्रेमपूर्वक विनम्र और कोमल वचन बोले-॥

**प्रभु अपने अबिबेक ते बूझउँ स्वामी तोहि।**
**कृपासिंधु सादर कहहु जानि दास निज मोहि॥**

हे प्रभो! हे स्वामी! मैं अपने अविवेक के कारण आपसे पूछता हूँ। हे कृपा के समुद्र! मुझे अपना %निज दास% जानकर आदरपूर्वक (विचारपूर्वक) मेरे प्रश्न का उत्तर कहिए॥

**तुम्ह सर्बग्य तग्य तम पारा। सुमति सुसील सरल आचारा॥**
**ग्यान बिरति बिग्यान निवासा। रघुनायक के तुम्ह प्रिय दासा॥**

आप सब कुछ जानने वाले हैं, तत्त्व के ज्ञाता हैं, अंधकार (माया) से परे, उत्तम बुद्धि से युक्त, सुशील, सरल आचरण वाले, ज्ञान, वैराग्य और विज्ञान के धाम और श्री रघुनाथजी के प्रिय दास हैं॥

**कारन कवन देह यह पाई। तात सकल मोहि कहहु बुझाई॥**
**राम चरित सुर सुंदर स्वामी। पायहु कहाँ कहहु नभगामी॥**

आपने यह काक शरीर किस कारण से पाया? हे तात! सब समझाकर मुझसे कहिए। हे स्वामी! हे आकाशगामी! यह सुंदर रामचरित मानस आपने कहाँ पाया, सो कहिए॥

**क्रमशः**

# राशिफल

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष : चतुर्थी (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
शत्रु थोड़ा एक्टिव रहेंगे। रोग-व्याधि भी एक्टिव रहेंगे, लेकिन जीत आपकी होगी। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं का संकेत है। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
घरेलू चीजों को शांत होकर निपटाएं, अन्यथा नुकसान होगा। मां के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
नए व्यापार की शुरुआत न करें। नाक, कान, गला की परेशानी हो सकती है। प्रेम,संतान की स्थिति अच्छी है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
धन-हानि के संकते हैं और मुख रोग के शिकार हो सकते हैं। प्रेम,संतान अच्छा है। व्यापार मध्यम है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
चिड़चिड़ेपन पर काबू रखें। अभी निर्णय को थोड़ा रोककर रखें। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
अनाब-सनाब खर्चे होंगे। मन व्यथित रहेगा। नेत्र पीड़ा, इत्यादि रहेगा। प्रेम,संतान अच्छा रहेगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा में कष्ट संभव है। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम, संतान मध्यम है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
नए व्यापार की शुरुआत न करें। कोर्ट-कचहरी से बचें। सीने में विकार संभव है। प्रेम,संतान अच्छा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
यात्रा करने से बचें। धर्म-कर्म में अतिशय से बचें। मान-हानि के संकेत हैं। स्वास्थ्य ठीक-ठाक। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। कोई रिस्क न लें। थोड़ा सा बचकर स्वास्थ्य पर ध्यान देकर के चलें। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार लगभग ठीक है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
स्वंय के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर भरपूर ध्यान रखें। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क न लें। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात बहुत अच्छी नहीं होगी।

# भाकियू (बलराज) का धरना जारी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-142 स्थित शहदरा गांव में भाकियू नेता हातिम सिंह भाटी की मार्केट तोड़े जाने के विरोध में यूनियन का चल रहा धरना आज भी जारी है। सर्वविदित हो कि भारतीय किसान यूनियन बलराज का धरना गत कई दिनों से चल रहा है।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातिम भाटी ने कहा जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तो यह धरना जारी रहेगा उन्होंने आरोप लगाया है कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी जानबूझकर मेरी मार्केट को तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इसकी सूचना भी प्राधिकरण द्वारा मुझे नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि यह मेरी जमीन पर मार्केट काफी समय से बनी हुई थी। लेकिन गांव के कुछ विरोधियों के उकसावे में आकर प्राधिकरण ने गलत निर्णय ले लिया। उन्होंने कहा कि यदि एक सप्ताह के अंदर प्राधिकरण अपनी कार्रवाई को वापस लेकर वहां पर निर्माण नहीं करवाया तो पूरे जिले में चक्का जाम किया जाएगा। धरने में रामवीर भाटी उधम भाटी सहित भारी संख्या में लोग धरना स्थल पर मौजूद रहे।

# प्राधिकरणने ने मुक्त कराई करोड़ों की जमीन





**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्राधिकरण अधिकारियों ने कल अपनी टीम के साथ लगभग 15000 वर्गमीटर सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई। बताया गया है कि खसरा संख्या 773 बिसरख में लगभग 100 करोड़ रूपये की जमीन भू-माफियाओं के कब्जे से मुक्त करवाई गई। सर्किल-3 के एसएम मनोज सचान के नेतृत्व में यह कार्यवाही की गयी।

# देश व प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है: रवि पंडित



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने जो विकास देश एवं प्रदेश में किया है।

उसकी हर ओर प्रशंसा हो रही है। यही नहीं गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में भी स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा द्वारा जो विकास काम का कराया गया है। उसकी जनता वाह वाह कर रही है। यह दावा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रवि पंडित ने किया है।

उन्होंने कहा कि गौतमबुद्ध नगर के सांसद डा. महेश शर्मा ने क्षेत्र के विकास के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया और आज ही वजह है कि पूरे क्षेत्र में विकास दिखाई पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार एक बार फिर से केंद्र में बनने जा रही है।

उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश से माफिया को की सफाई करने का जो काम किया है वह सराहनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो सर्व समाज को लेकर चलने में विश्वास रखती है।

# आईएमएस लॉ कॉलेज में बांटा स्मार्ट फोन

**नोएडा (चेतना मंच)।** आईएमएस लॉ कॉलेज नोएडा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्टफोन वितरण योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन बांटा गया। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में बीए.एलएलबी एवं एलएलबी 2023 पास आउट 153 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन दिए गए। मोबाइल वितरण कार्यक्रम के दौरान में आईएमएस के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन, रजिस्ट्रार प्रदीप सारस्वत के साथ संस्थान के शिक्षक एवं छात्रों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। वहीं स्मार्टफोन पाकर विद्यार्थियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।




मंगलवार को आईएमएस लॉ कॉलेज के 61 छात्राएं एवं 92 छात्र उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्टफोन वितरण योजना के लाभार्थी बने। उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में 153 छात्र-छात्राओं ने स्मार्टफोन प्राप्त कर अपनी खुशियां जाहिर की।

# उप्र में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिला भरपूर समर्थन : यतेन्द्र शर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य नोएडा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यतेन्द्र शर्मा ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शुरू हुई। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो न्याय यात्रा को भरपूर समर्थन मिला। यतेन्द्र शर्मा नोएडा ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अपने नेता राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जुझारू, कर्मठ कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया जाता है। राहुल गांधी ने मुझसे कहा कि ऐसे ही संघर्ष करते रहो। अब वो दिन दूर नहीं अब कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने जा रही है।



# छुटभैये नेता की अवैध वसूली से क्षेत्र में आतंक!

## पीड़ितों ने जिलाधिकारी व पुलिस कमिश्नर से की शिकायत

**दनकौर (चेतना मंच)।** दनकौर थाना क्षेत्र में एक छुटभैये नेता द्वारा अवैध वसूली तथा लोगों को फर्जी मामले में फंसाने की धमकी के कारण क्षेत्र में भय का माहौल है। पीड़ितों ने इसकी शिकायत जिला अधिकारी तथा पुलिस आयुक्त से की है। इसके बावजूद भी दबंग पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। थाना दनकौर क्षेत्र के गांव सलारपुर में रहने वाले सुभाष पुत्र महिपाल ने जिलाधिकारी को लिखित शिकायत की है कि सलारपुर निवासी संजय कुमार पुत्र कंचन सिंह अपने सरकारी गनर के साथ 1 जनवरी को ब्रह्मपाल पुत्र धनीराम के घर पहुंचा तथा 15 लाख रुपए की मांग की। उसके द्वारा ना देने पर संजय ने उसे फर्जी मामले में जेल भिजवाने तथा मकान कुर्क करवाने की धमकी दी। यह घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। मौके पर ब्रह्मपाल का पुत्र विवेक भी मौजूद था। पीड़ित ने जिला अधिकारी मनीष वर्मा को इसकी लिखित शिकायत करके आरोपी संजय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा उसके व उसके परिवार की जान माल की सुरक्षा की मांग की है। इसी तरह सलारपुर निवासी पीड़िता सरोज पत्नी लेखराज प्रधान ने पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह को शिकायत की है कि संजय कुमार पुत्र कंचन सिंह अपने सरकारी गनर के साथ उससे जबरन 7 लाख रुपए की अवैध वसूली मांग रहा है। ना देने पर उसके परिवार को फर्जी मामले में फंसाने तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से की है। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन दबंग आरोपी के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इससे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है।

लोगों का कहना है कि योगीराज में भी खुलेआम गुंडई करने वालों पर अंकुश लगाने में पुलिस तथा प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है।

# पीएनजी गैस गोदाम से लाखों का सामान चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर-70 में पीएनजी गैस पाइपलाइन के गोदाम से चोरों ने कंप्यूटर, लैपटॉप, ब्रॉस फिटिंग, इनवर्टर, बैटरी व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बदरपुर साउथ दिल्ली निवासी सागर कुमार ने बताया कि उसका पीएनजी गैस पाइपलाइन का गोदाम सेक्टर 70 में है। 20 फरवरी की सुबह उसे सूचना मिली कि गोदाम पर चोरी हो गई है। सूचना के आधार पर वह गोदाम पर पहुंचा।

जांच के दौरान पता चला कि गोदाम से कंप्यूटर, लैपटॉप, ब्रास फिटिंग कॉपर पाइप, इनवर्टर, बैटरी, प्रिंटर मशीन चोरी हो गई है। गोदाम पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला कि दो व्यक्ति स्विफ्ट कार से गोदाम पर आए थे। इन लोगों ने गोदाम का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और सामान को कार में भरकर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना फेज-3 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान का प्रयास कर रही है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**यूपी में 15 आईएएस...**

उत्तर प्रदेश के आईएएस बीएल मीणा प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम बने। साथ ही उत्तर प्रदेश के आईएएस रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन दुग्ध विकास बने। उत्तर प्रदेश के आईएएस विमल दुबे मंडलायुक्त अलीगढ़ बने।वहीं उत्तर प्रदेश के आईएएस चैत्रा वी मंडलायुक्त झांसी बनाई गई। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के आईएएस मनोज कुमार सिंह से उद्यान विभाग का चार्ज हटा दिया गया। वहीं उत्तर प्रदेश के आईएएस पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व बनाए गए हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के आईएएस बलकार सिंह नए आवास आयुक्त बनाए गए। उत्तर प्रदेश के आईएएस आदर्श सिंह आबकारी आयुक्त बने। उत्तर प्रदेश के आईएएस रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम बने। वहीं अंत में उत्तर प्रदेश के आईएएस राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण बने।

**महिला व युवक...**

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच पारिवारिक कलह की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**पिस्टल की बट...**

ऑफिस में बुलाया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की। जिसका विरोध करने पर नवाब, चन्नू व अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान लाइसेंसी पिस्टल के बट से उसके सिर पर वार कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित अमित नागर के मुताबिक नवाब भाटी दबंग किस्म का व्यक्ति है और सुपरटेक इको विलेज में काम करने वाले ठेकेदारों से जबरन पैसे वसूलता है। नवाब भाटी खुद को एक नामी बदमाश का भतीजा भी बताता है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

**विभिन्न सड़क...**

गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान विपिन कुमार गुप्ता की मौत हो गई। विपिन कुमार गुप्ता फ्रेको इंडियन फार्मास्यूटिकल में कार्यरत थे। इस संबंध में उनके साथी यतेंद्र सिंह ने थाना सेक्टर-63 में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

**पुलिस के हत्थे चढ़े...**

दूसरे बदमाश ने अपना नाम सोनू पुत्र मांगेलाल निवासी ग्राम लूणी जिला जोधपुर राजस्थान बताया।पकड़े गए दोनों बदमाश हाल में बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद हरियाणा में रह रहे हैं। पुलिस ने इनके पास से एक-एक तमंचा, कारतूस तथा टाटा सफारी गाड़ी में रखे लोहे की शटरिंग के 18 पाइप बरामद किए हैं। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह टाटा सफारी कार से रेकी करने के बाद चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। पकड़े गए दोनों बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

**बेलगाम ऑडी कार...**

हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-39 पुलिस ने घायल गौरव सिंह, सागर, अमित, हर्ष और आयुषी को उपचार के लिए कैलाश अस्पताल पहुंचाया। गनीमत रही कि हादसे में किसी की मौत नहीं हुई। कार को क्रेन की मदद से हटाया गया। इस हादसे का का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें साफ दिख रहा है कि कार तेज स्पीड में शौचालय की दीवार से टकराई। गनीमत रही कि बेकाबू कार ने किसी और वाहन या फुटपाथ पर किसी को टक्कर नहीं मारी अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

**इंजन व चेसिस...**

प्लेट को फर्जी तरीके से लगाया हुआ है। गहनता से जांच करने पर पता चला कि ऑल्टो कार की बॉडी पर चेचिस नंबर प्लेट किसी अन्य वाहन की वेल्ड की गई है। पूछताछ में दोनों ने बताया कि उन्होंने यह कार दिल्ली से चोरी की थी। इसके बाद उन्होंने एक टोटल एक्सीडेंटल टोटल लॉस वाली ऑल्टो कार का चेचिस नंबर इस पर वैल्ड कर दिया था। टोटल एक्सीडेंटल कार के कागजात उनके पास थे। पेपरों के आधार पर वह चोरी की कार को ऊंचे दामों पर बेचने की फिराक में थे।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह मैकेनिक का काम करते हैं। इसी तरह की दो सेंट्रो कार उन्होंने कनावनी पुस्ता रोड हनुमान मंदिर के पास अपने गैराज में खड़ी कर रखी हैं। दोनों आरोपियों की निशानदेही पर इनके गैराज से उक्त कार बरामद कर ली गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी टोटल एक्सीडेंटल कार खरीदकर उसके चेचिस व इंजन नंबर को चोरी की गाड़ियों पर लगाकर उसे ऊंचे दामों पर बेच देते हैं पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने अब तक कितनी चोरी की वाहनों को ठिकाने लगाया है।

**चोरी की बाइक...**

बाहर से चोरी की थी। चौकी प्रभारी ने बताया कि बरामद बाइक की चोरी का मुकदमा थाना सेक्टर-49 में दर्ज है। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह बाइक चोरी करते हैं तथा चोरी की बाइक को बेचकर अपने शौकों को पूरा करते हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

**एक्सपोर्ट कंपनी में...**

कपड़ा रखा हुआ था जिस कारण आग तेजी से फैली। उन्होंने आशंका जताई कि संभवत शॉर्ट सर्किट की वजह से निकली चिंगारी की वजह से आग लगी है। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग को आसपास की कंपनियों में फैलने से रोका गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग की इस घटना में बेसमेंट में रखा लाखों रुपए का कपड़ा जलकर राख हो गया है।

**युवाओं में फतह का...**

को भाजपामय कर दिया। मौका था सेक्टर-62 स्थित जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आयोजित भाजयुमो के आोजित युवा चौपाल कार्यक्रम का। भाजयुमो अध्यक्ष रामनिवास यादव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा चौपाल में युवाओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रांशु दत्त द्विवेदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं और कुशल प्रशासन एवं कानून व्यवस्था के विषय में युवाओं को संबोधित किया। प्रांशु दत्त द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक तरफ 500 वर्षों के संघर्ष के उपरांत प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर निर्माण तथा दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सार्वजनिक शौचालय बनाने से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना, हर घर नल से जल आदि योजनाएं गवाह हैं कि 10 वर्षों में देश व प्रदेश में विकास की गंगा बही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा पश्चिम क्षेत्र अध्यक्ष सुखविंदर सोम ने बताया कि आज आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत अनेक उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पर है तथा आज भारत एक तरफ जहां स्टार्टअप का हब बन रहा है तो उसी के साथ 100 से भी अधिक यूनिकॉर्न भारत के युवाओं ने देश को समर्पित किए हैं उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वह सभी डिजिटल क्रांति के आज के दौर में प्रधानमंत्री मोदी जी का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

युवा चौपाल में उपस्थित सभी युवाओं से भाजयुमो प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष नरेंद्र भाटी ने उत्तर प्रदेश में पूर्व की सपा सरकार के समय पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्याप्त गुंडाराज का जिक्र किया तथा बताया कि आज पश्चिमी उत्तर प्रदेश किस प्रकार से विश्व स्तरीय राष्ट्रीय राजमार्गों अंतरराष्ट्रीय कंपनियों का केंद्र बना हुआ है। उन्होंने बताया की इन्वेस्टर समिट के माध्यम से आज उत्तर प्रदेश संपूर्ण विश्व में निवेशकों के मध्य एक चमकता सितारा बना हुआ है जिसका सीधा लाभ उत्तर प्रदेश के युवाओं को हो रहा है।

कार्यक्रम के समापन में भाजयुमो जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने सभी युवाओं से स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्रप्रथम की नीति पर चलने का आग्रह किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं विकास परख योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन भाजयुमो जिला मीडिया प्रभारी अर्पित मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के डीन वी के तोमर, शिक्षाविद डॉक्टर शशि, नवीन मिश्रा, नरेंद्र योगी, सत्यम सिंह, प्रवीण चौहान, कपिल धारीवाल, ऋषि तोमर, संजय चौधरी, रोहित, गुरमीत, सुमित शर्मा, आकाश चौहान, साधना, शिवम पाठक, विकास, तरुण चौहान, शिवम शर्मा, विक्की दास, अन्नू प्रधान, प्रिंस पंडित, हर्ष शर्मा, गौरव मेहरा, दीपक, चंचल, द्रव्यांश एवं विकास इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**रवि काना के...**

रवि काना के खिलाफ गैंगस्टर का मामला दर्ज हुआ था। गैंगस्टर का मामला दर्ज होने के बाद कमिश्नरेट पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी करोड़ों रुपए की संपत्ति को सील कर दिया था। हाल ही में पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट से रवि काना की पत्नी को भी गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रवि काना व उसकी पत्नी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कर रखा था। पुलिस रवि काना की गिरफ्तारी का लगातार प्रयास कर रही है लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहा है।

गिरफ्तारी से बचने के लिए रवि काना भूमिगत हो गया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि वह गिरफ्तारी से बचने के लिए विदेश में बैठा हुआ है। लगातार फरार चलने के कारण पुलिस ने उसकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी प्रक्रिया के तहत के लिए धारा 82 का नोटिस उसके मकान पर चस्पा किया गया है।

# ढाई माह बाद मारपीट व फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज




**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सोरखा गांव में मामूली विवाद में कुछ दबंगों ने पड़ोसियों के साथ मारपीट की। मारपीट का विरोध करने पर दबंगों ने फायर कर दिया जिससे लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। पुलिस ने करीब ढाई माह बाद इस मामले को दर्ज किया है।

सोरखा गांव निवासी पूजा यादव ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 13 दिसंबर 2023 को वह अपने भाई के साथ घर के बाहर खड़े हुए थे। वह पड़ोस में ही रहने वाले ऋतिक से पूर्व में हुए वाद विवाद को लेकर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके गांव का दीपक शर्मा, अभिषेक शर्मा, अभिषेक यादव मौके पर आ गए और उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके भाई के साथ मारपीट की। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। फायर होने से मौके पर भगदड़ मच गई। इस बात का फायदा उठाकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हो फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या**
**NER-BSB0nT-OT-07-2024**

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एवं दूरसंचार/पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली-ई" निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रमांक :1. निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम : NER-BSB0SnT-OT-07-2024 : कार्य का नाम** :- वाराणसी डिवीजन के वमसिदूइ-II के अधिकार क्षेत्र में 3 अदद् समपार फाटकों की इंटरलोकिंग & मिड सेक्शन के समपार फाटकों में विश्वसनीयता और दक्षता में सुधार के कार्य (कुल 11 अदद) & स्टेशन सेक्शन के 32 अदद मैकेनिकल समपार फाटकों को इलेक्ट्रिक समपार फाटकों से बदलना। **विवरण : अनुमानित लागत :** रु. 31990339.78 **बयाना की राशि :** रु. 310000.00/- **निविदा प्रपत्र की कीमत :** रु. 00.00/- **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 माह निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय : 18.03.2024 को 15:00 बजे **1.** ई-निविदा दिनांक 18.03.2024 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा किया जा सकेगा। **2.** पूर्ण विवरण की जानकारी प्राप्त करने एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **i.e. www.ireps.gov.in** देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/सिग एंव दूरसंचार
मुजाधि/सिग्नल-104 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर मध्य रेलवे**

**रेल सेवा से रिमूव किये जाने की सूचना**

**श्री विकास सारस्वत पुत्र श्री हरी किशन शर्मा** स्थायी निवासी मकान न. 413, मालीपाडा धौली प्याऊ, जिला-मथुरा (उत्तर प्रदेश) जो कि इंजीनियरिंग विभाग में टेक्नी. ग्रेड-III (पाईप फिटर) के पद पर वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (कार्य) ईदगाह के अधीन कार्यरत थे। दिनांक **03.08.2020** से निरंतर रेलवे डियूटी से बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थिति रहने के अनुक्रम में इस कार्यालय के पत्र सं-एजीसी/308/2/डी.ए.आर/श्री विकास सारस्वत दिनांक **07.02.2024** के द्वारा जारी एन.आई.पी. के माध्यम से श्री विकास सारस्वत पुत्र श्री हरी किशन शर्मा टेक्नी. ग्रेड-III (पाईप फिटर) को रेल सेवा से तत्काल प्रभाव से बिना किसी पेंशनरी लाभ के रिमूव कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में रेल सेवक (अनुशासन एव अपील) नियम 1968 के नियम 18 के अधीन उक्त आदेशों के विरूद्ध अपील मण्डल इन्जी. (मुख्यालय) उ.म.रे. आगरा को **45 दिन** के अन्दर किया जा सकता हैं।

**सहायक मण्डल इंजीनियर (मु0)**
**उ0म0रे0, आगरा छावनी**

341/24(P)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

**संबंध-विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मानसिंह पुत्र श्री रूपचंद निवासी -547 / 24 सी, गली नंबर -05 भोला रोड, नई मुल्तान नगर, मेरठ (उत्तर प्रदेश) हाल निवास- खुशीराम कॉलोनी ग्राम-कुलेसरा, जनपद -गौतमबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) मेरा पुत्र विनेश कुमार व पुत्रवधू सोनल रानी अपने बच्चों के साथ अलग रहते हैं। दोनों पति-पत्नी में अक्सर लड़ाई झगड़ा होता रहता है। जिसकी वजह से विनेश व सोनल रानी आए दिन पुलिस थाने में खड़े रहते हैं। जिसकी वजह से मेरे परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। मैंने अपने पुत्र विनेश कुमार व सोनल रानी को समझाकर सुलह कराने की काफी कोशिश की पर वह लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इसलिए मैंने अपने पुत्र विनेश कुमार व उसकी पत्नी सोनल रानी की इन हरकतों को देखकर दोनों से संबंध-विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद सोनल रानी व विनेश कुमार किसी से लेनदेन करते हैं या उनके किसी भी कृत्य के लिए वह लोग खुद जिम्मेदार होंगे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।


संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## खास खबर

### संभल के सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का निधन, लंबी बीमारी से थे पीड़ित



**संभल, एजेंसी।** संभल के सपा सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क़ का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। 93 साल की उम्र में शफीकुर्रहमान बर्क़ का निधन मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में हुआ। शफीकुर्रहमान बर्क़ सबसे बुज़ुर्ग सांसद थे। मुरादाबाद स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज जारी था जहां उन्होंने मंगलवार को आखिरी सांस ली। बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात उन्होंने अचानक तेज बुखार और बेचैनी की शिकायत की थी। फरवरी महीने के शुरुआत में सासंद को इलाज के लिए भर्ती करवाया गया था। उसी समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। लगभग एक महीने से चल रहे इलाज से भी उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ और मंगलवार को उनका निधन हो गया। डॉक्टरों का कहना है कि उनके कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उनकी पोती डॉक्टर हैं जिनकी देख-रेख में उनका इलाज जारी था। लोकसभा चुनाव से पहले दिग्गज नेता और सांसद के निधन से सपा और अखिलेश यादव को बड़ा झटका लगा है। निधन की खबर के बाद से ही सपा में शोक की लहर है। बता दें कि डॉ शफीकुर्रहमान बर्क़ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए प्रत्याशी भी बनाए गए थे। शफीकुर्रहमान बर्क 4 बार विधायक और 5 बार सांसद रहे हैं। सबसे पहले शफीकुर्रहमान बर्क 1996 में सपा के टिकट से लड़कर लोकसभा चुनाव जीते थे। 2019 में भी चुनाव जीतकर सांसद बने। 2024 के चुनाव में भी सपा शफीकुर्रहमान बर्क पर भरोसा जता रही थी। सपा के एक्स से उनके लिए श्रद्धांजलि पोस्ट की गई। इसमें लिखा कि समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता, कई बार के सांसद जनाब शफीकुर्रहमान बर्क साहब का इंतकाल, अत्यंत दुःखद। उनकी आत्मा को शांति दे भगवान। शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने का संबल प्राप्त हो। भावभीनी श्रद्धांजलि !

### सीएम योगी का फोटो लगा फैलाई यूपी बोर्ड एग्जाम कैंसिल होने की अफवाह, पेपर लीक का किया दावा



**लखनऊ, एजेंसी।** सरकार की सख्ती के बावजूद नकल माफियाओं के हौसले पस्त नहीं हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के कारण यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त कर दी और आरओ/एआरओ परीक्षा 2023 में पेपर लीक की शिकायतों की जांच के आदेश दिए हैं। उधर, अराजकतत्वों ने अब यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर अफवाह फैलाना शुरू कर दिया है। यूट्यूब पर मिस्टर एग्जामवाला नाम से एक चैनल पर मुख्यमंत्री की फोटो लगाकर फर्जी खबर चल रही है कि यूपी बोर्ड की परीक्षा रद्द कर दी गई है। अफवाह फैला रहे हैं कि सभी परीक्षार्थियों को प्रमोट करने का निर्णय लिया गया है। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी फैमिली नाम से एक वेबसाइट पर भी अनाप- शनाप खबरें चल रही हैं। इंस्टाग्राम पर एक ग्रुप में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के पेपर लीक करने का दावा किया जा रहा है। इस सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर 200-200 रुपये में प्रश्नपत्र बेचने की बात कही जा रही है। व्हाट्सएप पर भी कम्युनिटी बनाकर पेपर लीक करने के दावे हो रहे हैं, हालांकि आज तक कोई पेपर लीक नहीं हो सका है। मामले की गंभीरता को लेते हुए यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल के ऑफिस में ही एक क्यूआरटी सेल गठित की गई है और सोशल मीडिया पर चल रही अराजक हरकतों की जानकारी तुरंत साइबर सेल से लेकर पुलिस महानिदेशक तक भेजी जा रही है। पिछले दिनों 57 हजार से अधिक यूजर के ग्रुप वाला इंस्टाग्राम चैनल पुलिस ने ब्लॉक करवाया है। सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने साफ किया है कि शासन की मंशा के अनुरूप नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए तैयारी की गई है। किसी कीमत पर अराजकतत्वों के इरादे को कामयाब नहीं होने देंगे। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि मंगलवार को सुबह की पाली में हाईस्कूल गणित की परीक्षा में 20 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

# छत्तीसगढ़ में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर होगी शुरू- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि सूबे में मीसा बंदियों की सम्मान निधि फिर से शुरू की जाएगी। विधानसभा चुनावों के दौरान पीएम मोदी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को सरकार ने तीन महीनों में ही पूरा कर दिया है। सीएम ने विधानसभा में अपने सीधे अधीनस्थ विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए यह ऐलान किया।

मुख्यमंत्री साय के जवाब के बाद सदन में 8421 करोड़ 82 लाख 8 हजार रुपए की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी गई। अनुदान मांगों में सामान्य प्रशासन विभाग के लिए 475 करोड़ 39 लाख 81 हजार रुपए, सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए 74 करोड़ 18 लाख 29 हजार रुपए, वाणिज्यिक विभाग (आबकारी) के लिए 432 करोड़ 3 लाख 44 हजार रुपए, ऊर्जा विभाग के लिए 3990 करोड़ 56 लाख 89 हजार रुपए, पशुपालन विभाग के लिए 513 करोड़ 1 लाख 58 हजार रुपए के कोष शामिल थे।

मछलीपालन विभाग के लिए 106 करोड़ 19 लाख 49 हजार रुपए, खनिज साधन विभाग के लिए 1340 करोड़ 62 लाख 73 हजार रुपए, जनसंपर्क विभाग के लिए 443 करोड़ 87 लाख 20 हजार रुपए, पुनर्वास विभाग के लिए 2 करोड़ 75 लाख 40 हजार रुपए, परिवहन विभाग के लिए 151 करोड़ 8 लाख 20 हजार रुपए, ग्रामोद्योग विभाग के लिए 217 करोड़ 31 लाख



74 हजार रुपए, जिला परियोजनाओं से संबंधित व्यय के लिए 208 करोड़ 53 लाख रुपए अनुदान मांगें पारित की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी जी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ की जनता को दी थी उसमें बहुत सी महत्वपूर्ण गारंटियों को हमने तीन महीनों में ही पूरा कर लिया है। 18 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास देने के लिए हमने राज्यांश की व्यवस्था कर ली है। किसानों को दो साल की बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड़ रुपए हमने दी है। हम किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की है। किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत देंगे।

सीएम ने कहा कि इस साल लगभग 145 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। युवाओं से वादा किया था कि पीएससी भर्ती में हुई शिकायतों की जांच कराएंगे। इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। मोदी जी की गारंटी के अनुरूप महतारी वंदन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को सालाना राशि 12 हजार रुपए देने के लिए हम महिलाओं से आवेदन ले रहे हैं। मंत्रालय के कार्यों में चिप्स की मदद से डिजीटल सचिवालय परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

विष्णु देव साय ने कहा कि किसानों को फ्री बिजली प्रदान करने के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपए और कृषि पंपों को बिजली के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली बिल में रियायत देने के लिए वर्ष 2024-25 के बजट में 01 हजार 274 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बीपीएल उपभोक्ताओं को दी जा रही रियायतों के लिए 539 करोड़ 60 लाख रुपए का प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सामान्य प्रशासन विभाग में 134 पदों का सृजन किया जाएगा। दुर्ग संभाग में एसीबी के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विभिन्न संवर्गों के 35 पदों, राज्य आर्थिक अपराध ब्यूरो में 6 नए पदों के सृजन का प्रावधान किया गया है। आबकारी विभाग के अंतर्गत जिला स्तरीय उड़नदस्ता के गठन के लिए 188 नए पद, आबकारी थानों और जांच चौकियों के गठन के लिए 325 नए पदों और लिपिकीय श्रेणी के 168 पदों का प्रावधान किया गया है।




## काम से आते समय मोमोज नहीं लाते हैं मेरे पति, मुझे इनके साथ नहीं रहना, महिला की डिमांड सुन पुलिस दंग

**आगरा, एजेंसी।** पति-पत्नी के बीच झगड़े की खबरें अक्सर सुनने को मिलती रहती है। लेकिन यूपी के आगरा से जो मामला सामने आया है उसे सुनकर पुलिस भी हैरान रह गई। एक अच्छे-खासे परिवार में मोमोज ने कलेश करवा दिया। महिला को मोमोज इतने पसंद हैं कि उसने शादी के दौरान ही पत्नी से रोजाना मोमोज खाने की बात बता दी। शादी के बाद पति अक्सर मोमोज लाना भूल जा रहा था, इस पर पत्नी ने घर में बखेड़ा खड़ा कर दिया। पत्नी का कहना था कि मुझे मोमोज बहुत पसंद है, वही पति मेरे लिए लेकर नहीं आता है। मोमोज न लाने को लेकर नाराज पत्नी थाने पहुंची और पुलिस से साथ में नहीं रहने की शिकायत की। मामला मलपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां की रहने वाली युवती की शादी आठ महीने पहले पिनाहट क्षेत्र के रहने वाले युवक के साथ हुई थी। महिला का पति जूता कारीगर है। महिला का कहना है कि उसे मोमोज खाना बहुत पसंद हैं, उसे रोजाना मोमोज खाने होते हैं। शादी से पहले ये बात उसने अपने पति को बता दी थी, इसके बाद भी पति उसके लिए मोमोज नहीं लाता है। इस वजह से दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता है। पति ने उसकी बात नहीं मानी तो वह अपने मायके आ गई। दो महीने से वह अपने मायके में रह रही है। वह अब अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती। परामकर्श केंद्र जब मामला पहुंची तो पुलिस ने पति से भी पूछताछ की। महिला के पति ने पुलिस को बताया, कभी काम से आते समय लेट हो जाता हूं तो मोमोज नहीं ला पाता हूं। आगे से वह रोजाना मोमोज लेकर आएगा।

## ईडी के सामने एक-एक कर सारे राज? खोल रहा नीतीश दीवान, महादेव सट्टा का पैसा कहां होता था इस्तेमाल

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा ऐप को मामले में लगातार ईडी इससे जुड़े हुए लोगों से पूछताछ कर रही है। इसी मामले में बीते दिनों ईडी ने नीतीश दीवान को गिरफ्तार कर पूछताछ किया है। जिसे कोर्ट के द्वारा दी गई ईडी को रिमांड खत्म होने के बाद एक बार फिर कोर्ट में पेश किया है। जहां कोर्ट ने 3 दिन की ईडी को फिर रिमांड दे दी है। ईडी की माने तो सौरभ चंद्राकर से जुड़ा हुआ यह एक महत्वपूर्ण व्यक्ति है, जोकि पैसे का बड़ा हिसाब किताब रखता था। अब ईडी इसे आगे तीन दिनों तक और पूछताछ करेगी। बतादें के नीतीश दीवान से ईडी ने एक बार पहले भी पूछताछ की थी, लेकिन उन दिनों इसे छोड़ दिया गया था। जब महादेव सट्टा से जुड़े लोग पकड़ाने लगे और उनसे पूछताछ की जाने लगी तो हर पूछताछ में नीतीश दीवान का भी नाम सामने आने लगा। जिसके बाद ईडी ने इसे वापस से गिरफ्तार किया और पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि ईडी की पूछताछ में नीतीश दीवान ने कई राज खोले हैं। वह ऐप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के साथ रहकर पैनल ऑपरेटर का काम किया करता था। वह दुबई में सौरभ के साथ इस पैनल का दो सालों तक हिस्सा बना रहा। महादेव ऐप से कमाए हुए पैसे को क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से इन्वेस्ट किरने का काम किया है। नीतीश दीवान का काम पैनल ऑपरेटर को समय-समय पर चेक करना होता था। इसके अलावा इस सट्टा ऐप से कमाए हुए काले पैसे को नीतीश दीवान अपने खाते से दूसरे के बैंक अकाउंट में सीधा भेजा करता था। इस सट्टे के पैसे को कहां-कहां इन्वेस्ट करना है, कहां जमीन लेनी है। इन सब चीजों का हिसाब किताब नीतीश रखता था। महादेव सट्टा एप के माध्यम से आने वाली काली कमाई को प्रमोटर के कहने पर अपने अकाउंट के जरिए नीतीश दीवान इधर-उधर किया करता था. सट्टे के पैसों को नीतीश दीवान के जरिए इन्वेस्ट किया गया था. इसके नाम से दुबई में कई प्रॉपर्टी भी खरीदी गई है.




## अपोलो ने रेक्टल कैंसर (एआरसी) प्रोग्राम लॉन्च किया

**दिल्ली।** अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर (एपीसीसी) ने हाल ही में अपोलो रेक्टल कैंसर (एआरसी) प्रोग्राम लॉन्च किया है - जो रेक्टल कैंसर प्रबंधन के लिए समर्पित भारत का अग्रणी दृष्टिकोण है। रेक्टल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करने और केमोराडियोथेरेपी, प्रोटॉन थेरेपी और रोबोटिक सर्जरी सहित उन्नत प्रौद्योगिकियों द्वारा संचालित, एआरसी कार्यक्रम का लक्ष्य देश में रेक्टल कैंसर के उपचार में क्रांति लाना है। यह अनूठी पहल रेक्टल कैंसर रोगियों की विशेष जरूरतों को पूरा करती है, सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करने के लिए व्यापक और बहु-विषयक देखभाल प्रदान करती है.

एआरसी (ARC) कार्यक्रम केंद्र का उद्घाटन अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज एल (एएचईएल)टीडी के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी रेड्डी ने ग्रुप ऑन्कोलॉजी एंड इंटरनेशनल (एएचईएल) के निदेशक श्री हर्षद रेड्डी की उपस्थिति में किया।

एआरसी (ARC) कार्यक्रम रेक्टल कैंसर के लिए भारत के एकमात्र चतुर्धातुक देखभाल केंद्र के रूप में रेक्टल कैंसर प्रबंधन के लिए मंच तैयार करता है, जो भारतीय उपमहाद्वीप और दूर-दराज के रोगियों के लिए रेक्टल कैंसर के लिए एक एकीकृत बहु-विषयक देखभाल की पेशकश करता है। 360-डिग्री दृष्टिकोण लेते हुए, कार्यक्रम रेक्टल कैंसर जटिलताओं के स्पेक्ट्रम को संबोधित करता है, जिसमें महत्वपूर्ण पॉलीप्स, प्रारंभिक रेक्टल कैंसर, अंग संरक्षण, रोबोटिक रेक्टल कैंसर सर्जरी, और गर्म इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (एचआईपीईसी) के साथ पेरिटोनियल सतह की घातकताओं का उपचार शामिल है।

अपोलो रोबोटिक रेक्टल कैंसर सर्जरी प्रोग्राम उत्कृष्ट रोगी परिणाम प्राप्त करने, उल्लेखनीय कम रिसेक्शन मार्जिन सकारात्मकता दर, नोडल हार्वेस्ट दर और न्यूनतम एनास्टोमोटिक रिसाव दर प्रदर्शित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

घाव के संक्रमण को कम करने और अस्पताल में रहने और दोबारा भर्ती होने की अवधि को कम करने पर ध्यान देने के साथ, कार्यक्रम रेक्टल कैंसर सर्जरी में एक विशिष्ट मानक प्रदर्शित करता है।

अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड के संस्थापक-अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी रेड्डी ने कहा, ÷यह अभूतपूर्व पहल देश और विश्व स्तर पर नवाचार और परिवर्तनकारी कैंसर देखभाल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह भारत में पहली बार है, हमारे पास रेक्टल कैंसर सर्जरी में सर्जनों की एक उप-विशेषीकृत टीम है जो केवल एक अंग और एक ही प्रकार के कैंसर÷ रेक्टल कैंसर के प्रबंधन में शामिल होगी। यह इस बात का वैश्विक मानक स्थापित करने जा रहा है कि भविष्य में रेक्टल कैंसर का प्रबंधन कैसे किया जाएगा।

# भाजपा में जाकर क्या पाएंगे अखिलेश यादव के करीबी मनोज पांडेय?



**रायबरेली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में 10 सीटों के राज्यसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। अखिलेश यादव के करीबी नेता मनोज पांडेय ने पार्टी के चीफ व्हिप के पद से इस्तीफा दे दिया है। यही नहीं चर्चा है कि वह दोपहर 12 बजे सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं और फिर वह जल्दी ही भाजपा में भी एंट्री कर सकते हैं। उनके अलावा राकेश पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह जैसे कई और विधायक भी सपा से एग्जिट कर सकते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा मनोज पांडेय की है। इसकी वजह यह है कि उनसे ही मतभेदों के चलते पहले स्वामी प्रसाद मौर्य पार्टी छोड़ गए और वह खुद अब अखिलेश यादव से अलग होने पर विचार कर रहे हैं। रायबरेली की ऊंचाहार सीट से तीन बार से विधायक मनोज पांडेय के भाजपा में जुड़ने की चर्चा 2022 के चुनाव से पहले भी शुरू हुई थी। तब उनकी एंट्री नहीं हो पाई थी, लेकिन अब कहा जा रहा है कि कुछ डील हो चुकी है। चर्चा यह भी है कि भाजपा ने प्लान रायबरेली के तहत उन्हें साधने का फैसला लिया है। इसके तहत उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट से उतारा जा सकता है। यहां से सोनिया गांधी इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं और अब तक साफ नहीं है कि कांग्रेस से कौन उतरेगा। वहीं भाजपा के पास अपना कोई मजबूत चेहरा इस सीट पर नहीं है। मनोज पांडेय रायबरेली की ही एक सीट से विधायक हैं और उनका बड़ा जनाधार है। रायबरेली में वह जिला पंचायत अध्यक्ष भी रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें यदि लोकसभा में उतारा गया तो भाजपा के वोटों के अलावा मनोज पांडेय समर्थकों का भी साथ मिलेगा। ऐसे में इस सीट पर पहली बार कोई स्थानीय नेता जीत भी सकता है। वहीं मनोज पांडेय भी यह दांव लगाना चाहते हैं क्योंकि रायबरेली का सांसद बनना बड़ी प्रतिष्ठा की बात होगी। 2019 में भी भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह ने कड़ी टक्कर दी थी। एक चर्चा यह भी है कि मनोज पांडेय को योगी सरकार में ही मंत्री पद मिल सकता है। अवध क्षेत्र में मनोज पांडेय बड़े ब्राह्मण चेहरे हैं और सपा भी उनका इस्तेमाल समुदाय को जोड़ने के लिए करती रही है।

### हिमाचल प्रदेश में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने शादी के लिए बेटियों की न्यूनतम उम्र सीमा में तीन साल के इजाफे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में अब बेटियों की शादी 21 वर्ष से पहले नहीं की जा सकेगी। इसके लिए उनकी सरकार कानूनी प्रावधान करने जा रही है। मौजूदा वक्त में बेटियों की शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल है और तो लड़कों के लिए 21 है। सुक्खू ने साफ किया कि मौजूदा विधानसभा सत्र में यह बदलाव कर दिया जाएगा। सीएम ने सोमवार को केलांग में लाहौल शरद उत्सव का शुभारम्भ करते हुए मंच से इसका ऐलान किया। सुक्खू ने कहा, अभी हमारा विधानसभा सत्र चल रहा है। हम अपनी बेटियों के लिए एक और योजना लेकर आ रहे हैं। हमने कहा अब बेटी की शादी की उम्र 18 साल नहीं होगी। हिमाचल हिन्दुस्तान में पहला राज्य बनने जा रहा है जहां हम बेटियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 साल करने जा रहे हैं। प्रस्तावित बदलाव को जनवरी में ही सुक्खू कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब विधानसभा में सरकार बिल पेश करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि मौजूदा बजट सत्र में कानून में संशोधन किया जा सकता है। इसके बाद राज्य में दूल्हे और दुल्हन दोनों के लिए न्यूनतम उम्र 21 साल हो जाएगी।



## मराठा कोटा बिल पास, अब मनोज पाटिल पर ऐक्शन में सरकार; कई धाराओं में केस दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।** विधानसभा में मराठा आरक्षण विधेयक पास कराने के बाद अब महाराष्ट्र सरकार आंदोलन के अगुआ रहे मनोज जरांगे पाटिल पर भी सख्त नजर आ रही है। मनोज पाटिल के खिलाफ कई धारों में मुकदमा दर्ज किया या है। जानकारी के मुताबिक उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 341, 143, 145, 149 और 188 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उनपर आरोप है कि उन्होंने आम लोगों को सड़क जाम करने के लिए उकसाया जिससे कि भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा। उनकी वजह से लोगों को असुविधा हुई। बीड़ के एसपी नंदकुमार ठाकुर के मुताबिक 25 अन्य जगहों पर ट्रैफिक जाम को लेकर भी केस दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि मनोज जरांगे पाटिल ने एक बार फिर एकनाथ शिंदे सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने रविवार को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर गंभीर आरोप लगा दिए थे और कहा था कि उनके एनकाउंटर की साजिश रची जा रही है। उन्होंने यह भी कहा था कि वह फडणवीस के घर के बाहर धरा देंगे। सोमवार को मराठा प्रदर्शनकारी एक बार फिर उग्र हो उठे और जालना में एक बस को आग लगा दी। यहां खूब हंगामा हुआ। इसके बाद अंबाद तहसील में कर्फ्यू लगा दिया गया। जालना, बीड़ और छत्रपति शंभाजीनगर में इंटरनेट सेवा 10 घंटे के लिए बंद की गई थी। बता दें कि शिंदे सरकार ने मराठाओं की मांगों को स्वीकार करते हुए 20 फरवरी को विशेष सत्र के दौरान विधानसभा में मराठा आरक्षण विधेयक पास करवाया। इसके तहत नौकरियों और शिक्षा में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। अब मराठाओं का आरक्षण 62 फीसदी तक पहुंच गया है। हालांकि मांग है कि उन्हें ओबीसी के तहत आरक्षण दिया जाए।

# राजस्थान भाजपा में घमासान, वसुंधरा राजे कैंप के विधायक ने गजेंद्र सिंह शेखावत पर लगाए आरोप



**जोधपुर, एजेंसी।** राजस्थान में जोधपुर के शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर निशाना साधा है। वसुंधरा राजे कैंप के माने वाले बाबू सिंह राठौड़ ने कहा कि भूंगरा गैस त्रासदी में आपने मदद का भरोसा दिलाया था, लेकिन पूरा नहीं हुआ। संविदा पर नौकरी नहीं लगी। पीएम कोष से राहत बढ़ाने का वादा किया था, वह भी पूरा नहीं हुआ। केंद्रीय विधायलय की शेरगढ़ में बरसों से मांग थी। गत वर्ष राजना?थ सिंह के सामने अपनी बात रखने के लिए खड़ा हुआ, तो कहा कि केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत हो चुका है, लेकिन आज तक यहां स्कूल नहीं खुला। जबकि तिंवरी और पाली में खुल गया है। ÷ राठौड़ ने कहा कि फिर डबल इंजन की सरकार किस काम की। राठौड़ ने कहा कि ÷अभी यहां से कहा कि चौपासनी में सैनिक स्कूल खुलवाया है, जबकि हकीकत यह है कि चौपासनी स्कूल की पूरी कमेटी दिल्ली गई और स्वीकृति लेकर आई थी।÷

### हमें पता है कि आप सीकर के मेहरौली के रहने वाले हैं

राठौड़ ने शेखावत के लिए कहा कि ÷हमें पता है कि आप सीकर के मेहरौली के रहने वाले हैं, इसलिए झुंझनूं में खुलवाया, जबकि जहां के सांसद आप हो, वहां पर खुलवाते। आप अपने क्षेत्र में काम नहीं कर रहे हैं, चाहते तो ईआरसीपी की तर्ज पर डब्ल्यूआरसीपी अपने लिए भी बन सकती है।÷दरअसल सोमवार को शेरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेतरावा में वीर शिरोमणि राव श्रीदेवराज राठौड़ की 662वीं जयंती पर समारोह का आयोजन हुआ। विधायक बाबूसिंह राठौड़ ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

मंच से ही राठौड़ ने शेखावत की कार्यशैली पर सवाल उठाया। जमकर हमला बोला। इतना ही नहीं राठौड़ ने जनता से यह आह्वान किया कि ÷इस बार आप सब तैयार रहना, सड़कों पर संघर्ष करना पड़ेगा, नहीं तो ऐसे लोग आएंगे और चिकनी चुपड़ी बातें करके चले जाएंगे.÷ हालांकि इस कार्यक्रम में राठौड़ जब उन पर हमला कर रहे थे, तब गजेंद्र सिंह शेखावत वहां से निकल चुके थे। शेरगढ़ विधायक ने कहा कि शेरगढ़ शूरवीरों की धरती है। यहां पर केंद्रीय मंत्री के सामने ईसीएचएस अस्पताल खोलने की मांग रखी गई थी। शेखावत ने लोगों से कहा था कि उनकी निर्मला सीतामरण से बात हो गई। अस्पताल स्वीकृत हो गया है, लेकिन कभी हमें लेटर नहीं मिला। राठौड़ ने अपने संबोधन में एक बाद एक कई ऐसे काम बताए, जिनको लेकर शेखावत ने कहा, लेकिन वो हुए नहीं।




# रात में भुना लहसुन खाने से दूर होती हैं ये 5 समस्याएं, पुरुषों के लिए है विशेष फायदेमंद

लहसुन औषधीय गुणों से भरपूर होता है। इसके सेवन से शरीर की कई समस्याओं से राहत पा सकते हैं। इसलिए कई हेल्थ एक्सपर्ट रोस्टेड लहसुन खाने की सलाह देते हैं। रोस्टेड लहसुन के सेवन से शरीर में होने वाली समस्या जैसे- कमजोर पाचन तंत्र, हाई कोलेस्ट्रॉल इत्यादि को कम किया जा सकता है। अगर आप रात में सोने से पहले भुने हुए लहसुन का सेवन करते हैं, तो यह आपके लिए और अधिक फायदेमंद हो सकता है। खासतौर पर पुरुषों के लिए रात के समय भुना हुआ लहसुन खाने से काफी फायदे होते हैं। आज हम इस लेख में रात में सोने से पहले भुने हुए लहसुन खाने के फायदों के बारे में जानेंगे। भुना हुआ लहसुन आप किसी भी समय खा सकते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से महिला और पुरुष दोनों को काफी लाभ होता है। हालांकि, अगर आप रात के समय इसका सेवन करते हैं, तो कुछ समस्याएं कंट्रोल में हो सकती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में-

### 1. विषाक्त तत्व हो सकते हैं बाहर

रात में सोने से पहले अगर आप भुने हुए लहसुन का सेवन करते हैं, तो यह शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर करने में प्रभावी होता है। दरअसल, रात में सोने से पहले जब आप भुना हुआ लहसुन खाते हैं, तो इसके कुछ घंटों तक किसी भी चीज का सेवन नहीं करते हैं। ऐसे में शरीर को डिटॉक्सीफाई होने के लिए पर्याप्त समय मिलता है। भुना लहसुन शरीर में मौजूद गंदगी को यूरिन के जरिए बाहर निकालने में प्रभावी हो सकता है।

### 2. शारीरिक कमजोरी करता है दूर

सोने से पहले भुना लहसुन खाने से पुरुषों में होने वाली शारीरिक कमजोरी को दूर हो सकती है। जिससे आपकी सेक्स लाइफ बेहतर हो सकती है। अगर आप अपनी शारीरिक कमजोरी को मिटाना चाहते हैं, तो रात में सोने से पहले 2 से 3 लहसुन की कलियों को भुनकर खाएं। इससे काफी प्रभावी रिजल्ट देखने को मिल सकता है।

### 3. टेस्टोस्टेरोन हार्मोन के स्तर में सुधार

लहसुन में कई पोषक तत्व जैसे- विटामिन बी6, विटामिन-सी, मैंगनीज, फॉस्फोरस, जिंक, आयरन, कैल्शियम इत्यादि। इसके अलावा प्रोटीन, पैंटोथेनिक एसिड जैसे पोषक तत्व भी होते हैं। रिसर्च के मुताबिक, लहसुन के सेवन से पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्तर बढ़ सकता है, जो उनकी प्रजनन क्षमता को बढ़ाता है।

### 4. वजन करे कम

रात में सोने से पहले भुने हुए लहसुन का सेवन करने से शरीर का वजन भी कंट्रोल में रह सकता है। दरअसल, जब आप रात में भुना हुआ लहसुन खाते हैं, तो यह आपके शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है, जो खाने के पचाने में असरदार होता है। जिससे आपके शरीर का वजन कम होता है।

### 5. बढ़ते उम्र के लक्षण करे कम

भुने लहसुन के सेवन से हड्डियां मजबूत होती है। साथ ही इसमें एंटी-एजिंग गुण पाया जाता है, जो शरीर में बढ़ती उम्र के लक्षण जैसे- झुर्रियां, कमजोर हड्डियां, फाइन-लाइंस इत्यादि को दूर करने में प्रभावी होता है। अगर आप बढ़ती उम्र के लक्षणों को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो रात में सोने से पहले भुने हुए लहसुन की कुछ कलियों का सेवन करें।

भुने हुए लहसुन का सेवन सुबह के समय भी किया जा सकता है। यह शरीर की कई परेशानी दूर करने में प्रभावी होती है। लेकिन रात के समय अगर आप इसका सेवन करते हैं, तो इससे शरीर को और अधिक लाभ हो सकते हैं।

हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आपको पहले से किसी भी तरह की परेशानी है, तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही भुने लहसुन का सेवन करें।

# त्वचा को चमकदार बनाने के लिए डाइट में शामिल करें, ये पांच सब्जियां

**फल और सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है . हरी पत्तेदार सब्जियों को डाइट में शामिल कर शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है . सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा को चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं .**

फल और सब्जियों को सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है. हरी पत्तेदार सब्जियों को डाइट में शामिल कर शरीर को कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाया जा सकता है. सब्जियों में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा को चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं. ग्लोइंग और बेदाग स्किन भला किसे पसंद नहीं, हर कोई चमकदार स्किन पाना चाहता है. लेकिन स्किन को हेल्दी रखने के लिए हेल्दी डाइट और पोषक तत्वों से भरपूर फूड्स का सेवन बहुत जरूरी है. असल में पोषक तत्वों की कमी की वजह से स्किन में पिंपल, रूखापन झुर्रियां जैसी समस्याएं समय से पहले नजर आने लगती हैं. तो अगर आप भी इन समस्याओं से बचना चाहते हैं तो डाइट में इन सब्जियों को शामिल कर सकते हैं.

1. **गाजर**- गाजर में बीटा-कैरोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो स्किन को हेल्दी रखने और झुर्रियों से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं. गाजर को डाइट में शामिल कर त्वचा को चमकदार बना सकते हैं.
2. **ब्रोकली**-ब्रोकली में प्रचुर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट के अलावा विटामिन सी, कॉपर और जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं.
3. **लौकी**-लौकी में एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव पाया जाता है. एंटीऑक्सीडेंट प्रभाव फ्री रेडिकल्स के कारण त्वचा पर पड़ने वाली झुर्रियों और सूजन को रोकने में मदद कर सकता है.



4. **करेला**-करेले के अर्क में एंटीऑक्सीडेंट के साथ ही मॉइस्चराइजिंग और एंटी-पिगमेंटेशन प्रभाव पाए जाते हैं, जो त्वचा के दाग-धब्बों को हटाने में मदद कर सकते हैं.
5. **पालक**-पालक एक हरी पत्तेदार सब्जी है जिसे सेहत के लिए बहुत ही गुणकारी माना जाता है. पालक में पाए जाने वाले पोषक तत्व त्वचा को हेल्दी और चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं.

# इन 6 स्वास्थ्य समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए करें प्याज का सेवन!

प्याज, किसी भी खाने के स्वाद को बढ़ाने का काम करती है. दरअसल प्याज को स्वाद के लिए ही इस्तेमाल नहीं किया जाता बल्कि ये सेहत के लिए भी काफी गुणकारी है. प्याज को गर्मियों के मौसम में खूब खाया और पसंद किया जाता है. गर्मियों में लू से बचने के लिए भी प्याज का इस्तेमाल किया जाता है. आपको बता दें कि प्याज को आमतौर पर सब्जी दाल, जैसे व्यंजन में ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है. कुछ सब्जियां तो ऐसी हैं जिनको प्याज के बिना बनाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती. इसके अलावा प्याज को सलाद के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. दरअसल प्याज को सिर्फ स्वाद और सेहत के लिए ही नहीं बल्कि सुंदरता के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है. प्याज में एंटी-एलर्जिक, एंटी-ऑक्सीडेंट और एंटी-कार्सिनोजेनिक गुण होते हैं. इसके अलावा प्याज में भरपूर मात्रा में विटामिन ए, बी6, बी-कॉम्प्लेक्स और सी भी पाया जाता है. प्याज को आयरन, फोलेट और पोटेशियम के गुणों से भरपूर माना जाता है. जो शरीर को कई बीमारियों के खतरे से बचाने में मदद कर सकते हैं. प्याज के सेवन से शरीर को इंफेक्शन के खतरे से बचाया जा सकता है. तो चलिए आज हम आपको प्याज खाने के फायदों के बारे में बताते हैं.

### प्याज खाने के फायदे :

1. **इंफेक्शन**:प्याज इंफेक्शन से बचाने में मददगार मानी जाती है. प्याज में एंटी-एलर्जिक, एंटी-ऑक्सीडेंट के गुण पाए जाते हैं. जो शरीर को कई तरह के इंफेक्शन से बचाने में मदद कर सकता है.



2. **स्टोन**:जिन लोगों को स्टोन की समस्या है उनके लिए प्याज रामबाण से कम नहीं है. सुबह खाली पेट प्याज का रस पीने से पथरी के दर्द मे राहत और इस समस्या से आसानी से छुटकारा पाया जा सकता है.

3. **गठिया**:जिन लोगों को जोड़ों के दर्द या गठिया की समस्या हैं उन्हें प्याज का इस्तेमाल करना चाहिए. प्याज के रस में सरसों का तेल मिलाकर मालिश करने से जोड़ों के दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है.

4. **ब्लड प्रेशर**:प्याज का सेवन ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद कर सकता है. अगर आपको ब्लड प्रेशर की समस्या है तो आप अपने खाने में कच्चे प्याज को शामिल करें. प्याज ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है.

5. **पाचन**:अगर आप भी पाचन की समस्या से परेशान हैं तो प्याज का सेवन करें. प्याज को आप सलाद के रूप में इस्तेमाल कर पाचन तंत्र को मजबूत और पेट को स्वस्थ रख सकते हैं.

6. **डायबिटीज**:डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है जिसे लाइफस्टाइल और खान-पान में बदलाव करके कंट्रोल किया जा सकता है. अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो प्याज का सेवन आपके लिए फायदेमंद हो सकता है. प्याज में मौजूद एंटी डायबेटीक गुण डायबिटीज को कम करने में मदद कर सकते हैं.

गर्मियों में लू से बचने के लिए भी प्याज का इस्तेमाल किया जाता है.प्याज इंफेक्शन से बचाने में मददगार मानी जाती है.जिन लोगों को स्टोन की समस्या है उनके लिए प्याज रामबाण से कम नहीं है.प्याज का सेवन ब्लड प्रेशर कंट्रोल करने में मदद कर सकता है.

# फूलो की मदद से spring Wreath

वैडिंग सीजन हो या कोई घर कोई छोटा सा फंक्शन, घर कोई डैकोरेशन करनी बहुत जरूरी होती है। आजकल डैकोरेशन के लिए बहुत से थीम का सहारा लिया जाता है, जो देखने में अच्छे भी लगते है। वैडिंग में भी डैकोरेशन के अलग-अलग थीम रखें जाते है, जिनमें से एक spring Wreath डैकोरेशन का भी काफी ट्रैंड है। spring Wreath को आप कई चीजों से बना सकते है और घर के दरवाजें पर सजा सकते है। इससे घर को एक नया लुक मिलता है। आज हम आपको घर में ही अलग-अलग चीजों से spring Wreath बनाने के बारे में बताएंगे, जिसको बनाना काफी आसान है।

### बनाने के तरीके



- सबसे पहले टायर को लें। अगर आप फ्लावर की मदद से भी spring Wreath बना सकते है। इसके लिए लोहे की बारीक तार को गोल आकार में मोड़ लें । अब इसमें फ्लावर धागे की मदद से बांध दें और घर के दरवाजे पर सजा लें।
- ऐसे ही आप कागज की मदद से भी इसको बना सकते है। कामग को कोण आकार में बनाएं फिर इसको ग्लू की मदद से तार पर चिपका दें।
- फूलो की मदद से spring Wreath बनाएं और इसके ऊपरी हिस्से पर बो बनाएं। इसको हैंगिंग की तरह घर में सजा दें।
- घर में पड़े टायर को किसी कपड़े की मदद से कवर करें फिर इस पर बने-बनाएं फ्लावर लगाएं। ऐसे ही आप बहुत से तरीको से spring Wreath बना सकते है। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत भी नहीं है।

**प्रैग्नेंसी में महिला के शरीर में कई बदलाव आते हैं। इस दौरान कुछ महिलाओं की स्किन ग्लोइंग हो जाती हैं। वहीं, कई महिलाओं को त्वचा संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। इसके पीछे का कारण हैं हार्मोस में बदलाव। प्रैग्नेंसी में अपनी त्वचा की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए अपनी रूटीन में इन टिप्स को शामिल करें।**




### 1. खूब पानी पीएं

पानी शरीर में मौजूद अवशिष्ट पदार्थों को बाहर निकलता है। इसके अलावा पानी शरीर में एमनीओटिक फ्लूइड(amniotic fluid) की मात्रा को नियंत्रित रखता है जो प्रैग्नेंट महिला और बच्चे के लिए अच्छा होता है। ऐसे में खूब पानी पीएं। आप चाहें तो नारियल पानी या सूप भी पी सकती है।

### 2. भरपूर नींद लें

प्रैग्नेंसी पीरियड में ज्यादा से ज्यादा आराम करें। इन दिनों में भरपूर नींद लें। इससे आपको अधिक एनर्जी मिलेगी। वहीं, नींद न पूरी होने पर आंखों के नीचे काले घेरे आने शुरू हो जाते है।

### 3. संतुलित आहार

प्रैग्नेंसी में अपने खानपान का पूरा ख्याल रखें। डॉक्टर द्वारा दिए गए डाइट चार्ट को फॉलो करें।

### 4. कठोर साबुन

अपनी त्वचा के लिए कठोर साबुन का इस्तेमाल न करें। इससे आपकी स्किन रूखी होने लगती है। ऐसे में चेहरे को साफ करने के लिए किसी अच्छे से सोप का इस्तेमाल करें।

### 5. सूरज की रोशनी

अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें जिसमें अल्फा हाइड्रॉक्सिल एसिड हो। इसके अलावा अपनी स्किन को सूरज की रोशनी से बचा कर रखें।

### 6. तनाव

प्रैग्नेंसी में खुद को तनाव से दूर रखें। अपने मनपसंद गाने सुनें। तनाव में रहने से आपके बच्चे को नुकसान हो सकता है।

### 7. मेकअप

हमेशा सोने से पहले अपने चेहरे को साफ करें। चेहरे पर लगे मेकअप को साफ करें और मोइस्चराइजर लगाएं।



# कुछ ही दिनों में चेहरे के दाग-धब्बे होंगे दूर, लगाएं ये 5 फेस पैक!

**हर कोई चाहता है कि उसकी स्किन ग्लोइंग हो। लड़कियां ग्लोइंग स्किन पाने के लिए कई ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। वहीं, धूल-मिट्टी के कारण चेहरे पर छोटे-छोटे दाने होने लगते हैं। कई बार ये मुंहासे मेकअप के साथ भी नहीं छिपते। ऐसे में लड़कियां काफी परेशान हो जाती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे होममेड फेस पैक बताने जा रहे है जिसका इस्तेमाल करके चेहरे के दाग-धब्बों को दूर किया जा सकता है।**

### 1. संतरा, नींबू और गुलाब जल

1 टेबलस्पून संतरे का रस, 1 टेबलस्पून नींबू का रस और कुछ बूंदे गुलाब जल को मिलाकर पेस्ट तैयार कर लें। कॉटन की मदद से इसे चेहरे पर लगाएं। 15-20 बाद चेहरे को पानी से धो लें। नींबू और संतरे में साइट्रिक एसिड पाया जाता है जो चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बों को दूर करता है। ऑयली स्किन के लिए यह पैक बैस्ट है।

### 2. आलू और बेसन

सेंसिटिव स्किन के लिए यह फेस पैक बहुत फायदेमंद है। 2 टेबलस्पून आलू का रस और 1 टेबलस्पून बेसन को अच्छे से मिला कर पैक तैयार कर लें। इसे चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद चेहरा धो लें।

### 3. टमाटर और शहद

1 टेबलस्पून टमाटर का रस और 2 टीस्पून शहद को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट ऐसे ही रहने दें। बाद में गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

### 4. चंदन, गुलाब जल और ग्लिसरीन

पहले समय में महिलाएं स्किन के लिए चंदन का इस्तेमाल करती थी। चंदन से त्वचा में चमक आती है। 1 टीस्पून चंदन पाऊडर, कुछ बूंदें गुलाब जल और ग्लिसरीन को मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं। बाद में अपने चेहरे को पानी से धो लें। इससे चेहरे के दाग-धब्बे दूर होंगे और ग्लो आएगा।

### 5. संतरा, शहद और दही

2 टेबलस्पून संतरे का पाऊडर, 1टीस्पून शहद और 1 टीस्पून दही को मिलाकर पेस्ट बना लें। इसे चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद इसे पानी से धो लें। इससे चेहरा साफ होगा।



## अंतिम टेस्ट के लिए तरोताजा होने बेंगलुरू और चंडीगढ़ जाएंगे इंग्लैंड के खिलाड़ी

**रांची ।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम सात मार्च से धर्मशाला में होने वाले अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले मिले ब्रेक के दौरान बेंगलूर और चंडीगढ़ में आराम करेगी। इंग्लैंड टीम का लक्ष्य अंतिम टेस्ट से पहले मिले एक सप्ताह के समय में तरोताजा होना है। इसी कारण टीम बेंगलुरू और चंडीगढ़ जा रही है। इंग्लैंड की टीम इस सीरीज में पहले ही 1-3 से पीछे चल रही है। वहीं इससे पहले दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच मिले समय में भी टीम आराम के लिए अबु धाबी चली गयी थी। इस सीरीज से पहले भी इंग्लैंड टीम ने अबु धाबी में ही अभ्यास किया था पर इस बार टीम ने खाली समय को चंडीगढ़ और बेंगलुरू को बिताने का फैसला किया है। । इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के एक अधिकारी ने कहा, 'पांचवें टेस्ट से पहले टीम चंडीगढ़ और बेंगलुरू में अपना खाली समय बिताएगी। ब्रेक के दौरान खिलाड़ी नेट अभ्यास नहीं करेंगे। टीम टेस्ट से लगभग तीन दिन पहले 4 मार्च को धर्मशाला पहुंचकर अभ्यास करेगी। बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने इस सीरीज में आक्रामक रुख अपनाने की जो नीति बनायी थी वर अब तक असफल रही है जिससे भी टीम को नुकसान पहुंचा है।

# वैगनर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

**वेलिंगटन ।**

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज नील वैगनर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इसी के साथ ही 37 साल के वैगनर का एक दशक से लंबा करियर समाप्त हो गया। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने करियर का अंतिम टेस्ट खेला। खेल से संन्यास की घोषणा के समय वह भावुक हो गये। दक्षिण अफ्रीका में जन्में वैगनर ने न्यूजीलैंड की ओर से 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और इसी को देखते हुए उन्होंने खेल को अलविदा कहने का फैसला किया।

वैगनर ने साल 2012 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। टीम की 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत में उनकी अहम भूमिका रही है। इस गेंदबाज ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत हासिल की। वैगनर 2008 में दक्षिण अफ्रीका से न्यूजीलैंड आ गए थे और उन्होंने ओटैगो प्रांत की ओर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला था।

वैगनर का बेहतरीन प्रदर्शन पिछले साल बेसिन रिजर्व में रहा जब उन्होंने न्यूजीलैंड को इंग्लैंड पर एक रन से जीत दिलाई थी। वैगनर ने तब 62 रन देकर चार विकेट लिए थे जिनमें जेम्स एंडरसन का अंतिम विकेट भी शामिल है। वैगनर ने संन्यास पर कहा, ''यह सप्ताह भावनात्मक रहा क्योंकि हर उस चीज से दूर जाना आसान नहीं होता है जिसने



आपको इतना कुछ दिया हो पर अब आगे बढ़ने और दूसरों को अवसर देने का समय है। मैंने न्यूजीलैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट के प्रत्येक पल का पूरा आनंद उठाया है जिसकी मुझे खुशी है।''

# अभिनव बिंद्रा, नीरज चोपड़ा, अंजू बॉबी जॉर्ज भारत खेल विज्ञान सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे

**नई दिल्ली.**

टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा, भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा, विश्व चैंपियनशिप 2003 की कांस्य विजेता अंजू बॉबी जॉर्ज सहित कई वर्तमान और पूर्व एथलीट सूची में शीर्ष नामों में शामिल हैं जो बुधवार को यहां होने वाले पहले भारत खेल विज्ञान सम्मेलन का हिस्सा बनेंगे। भारत खेल विज्ञान सम्मेलन में प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए खेल विज्ञान को कैसे जोड़ा जाए, इस पर विशेषज्ञ चर्चा करेंगे। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त और भारतीय क्रिकेटर दीपक चाहर और दक्षिण अफ्रीकी एथलीट प्रदर्शन विशेषज्ञ वेन लोम्बार्ड और भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस जैसे शीर्ष खेल विज्ञान विशेषज्ञ सूची में कुछ अन्य नाम हैं। एक दिवसीय कॉन्क्लेव का आयोजन ट्रांसस्टेडिया यूनिवर्सिटी, ट्रांसस्टेडिया एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन की शिक्षा शाखा, नेशनल सेंटर ऑफ स्पोर्ट्स साइंस एंड रिसर्च (एनसीएसएसआर), भारतीय खेल प्राधिकरण और युवा मामले और खेल मंत्रालय की इकाई के सहयोग से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय खेलों और एथलीटों के लिए उच्च प्रदर्शन और खेल प्रशिक्षण में उच्च स्तरीय अनुसंधान का समर्थन करना है। विजन ओलंपिक 2036 के उद्देश्यों और लक्ष्य सेटिंग्स के आधार पर भारत को एक खेल महाशक्ति बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सम्मेलन में इन विशिष्ट खेल प्रतिभाओं के साथ विषयों पर गहराई से चर्चा की जाएगी, जिसमें चोपड़ा और चाहर जैसे लोग शामिल होंगे, जो एथलीटों को उच्च प्रदर्शन पर परिप्रेक्ष्य प्रदान करेंगे। बिंद्रा, जो उच्च प्रदर्शन और खेल विज्ञान को मुख्यधारा का विषय बनाने के लिए देश में कई हितधारकों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, उन्होंने कहा, जैसा कि हम भारतीय खेलों में एक नए युग के कगार पर खड़े हैं, दिल्ली में भारत खेल विज्ञान सम्मेलन एक महत्वपूर्ण क्षण बन गया है। सम्मेलन में उन लोगों का भी प्रतिनिधित्व होगा जो ज्यादातर भविष्य के खेल सितारों के सलाहकार के रूप में पर्दे के पीछे काम करते हैं। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रमुख पोषण विशेषज्ञ जी वाणी भूषणम; डॉ. प्रलय मजूमदार, वरिष्ठ सलाहकार, खेल विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान (खेल विज्ञान और विश्लेषिकी उत्कृष्टता केंद्र) आईआईटी, मद्रास; डॉ. नानकी जे चड्ढा, खेल एवं प्रदर्शन मनोवैज्ञानिक और पूर्व भारतीय गोल्फर; डॉ. पियरे ब्यूचैम्प, हाई-परफॉर्मेंस डायरेक्टर, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया; अमेय कोलेकर, खेल विज्ञान के प्रमुख, पादुकोण द्रविड़ सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस कुछ ऐसे नाम हैं जो सम्मेलन का हिस्सा होंगे। सम्मेलन में टॉप्स के सीईओ, कमांडर पीके गर्ग द्वारा एक विशेष सत्र और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के वरिष्ठ परियोजना सहयोगी, वीरेंद्र राजपूत द्वारा ईमानदारी और निष्पक्ष खेल पर एक प्रस्तुति भी होगी।




## सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप : भारतीय टीम का पहला मुकाबला भूटान से



**नई दिल्ली ।**

भारतीय टीम अगले माह एक से 10 मार्च तक नेपाल में होने वाली सैफ अंडर 16 महिला फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना पहला मुकाबला एक मार्च को भूटान से खेलेगी। मुख्य कोच बिबी थॉमस मुत्ताह ने कहा है कि 23 सदस्यीय भारतीय टीम का लक्ष्य यहां तीसरी बार जीत दर्ज करना रहेगा। भारतीय टीम ने इससे पहले 2018 और 2019 में अंडर 15 प्रारूप में जीत हासिल की थी। इन दोनो ही बार में भारतीय टीम ने खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश को हराया था। ये पहली बार है जब ये टूर्नामेंट अंडर 16 प्रारूप में खेला जाएगा। अंतिम टीम का चयन गोवा में अभ्यास कर रहे संभावितों में से किया गया। भारतीय टीम को इस टूर्नामेंट में अपना पहला मुकाबला एक मार्च को भूटान से खेलना है। उसके बाद भारतीय टीम पांच मार्च को बांग्लादेश और सात मार्च को नेपाल से खेलेगी। इस टूर्नामेंट में राउंड राबिन चरण की शीर्ष दो टीमें खिताबी मुकाबले में उतरेंगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :**

**डिफेंडर :** अमृता घोष, बोनिफिला शुलाइ, दिव्यानी लिंडा, एलिजाबेथ लाकड़ा, गौरी, रिआना लिज जैकब, रूपश्री मुंडा, एस अलेना देवी

**मिडफील्डर :** अनिता डुंगडुंग, अनुष्का कुमारी, अन्विता रघुरामन, एच यशिका, एल नीरा चानू, रितु बडाइक, श्वेता रानी, टी मोनी बास्के

**फॉरवर्ड :** गुरलीन कौर, गुरनाज कौर, नेहा साजी, पर्ल फर्नांडिस

**गोलकीपर :** के टी देवी, मुन्नी, सूरजमुनी कुमारी

# टेस्ट क्रिकेट की मैच फीस बढ़ा सकता है बीसीसीआई

**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए अब मैच फीस बढ़ाने पर विचार कर रहा है। जिससे कि युवा खिलाड़ियों को इसकी ओर आकर्षित किया जा सके। आईपीएल के शुरु होने के बाद से ही युवा खिलाड़ियों का रुझान लीग क्रिकेट की तरफ बढ़ा है क्योंकि उसमें उन्हें अच्छी कमाई होती है। बीसीसीआई ने हाल ही मैं एक बयान जारी कर कहा था कि घरेलू क्रिकेट में अपने को साबित करने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय टीम में जगह मिलेगी। साथ ही कहा था कि आईपीएल अच्छा है पर घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं की जा कसती। हाल की में जिस प्रकार से युवा खिलाड़ियों इशान किशन और श्रेयस अय्यर ने फिटनेस के नाम पर घरेलू क्रिकेट खेलने से इंकार कर दिया था। माना जा रहा है कि उसको देखते हुए ही बोर्ड ने घरेलू क्रिकेट में वेतन बढ़ाना तय किया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई अतिरिक्त बोनस निर्धारित कर सकता है ये एक खिलाड़ी को पूरे सत्र में प्रत्येक टेस्ट श्रृंखला में प्रतिस्पर्धा करने पर दिया जाएगा। इसके तहत अगर कोई खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष में सभी टेस्ट सीरीज खेलता है, तो उसे वार्षिक रिटेनर अनुबंध के अलावा अतिरिक्त पुरस्कार भी मिलेगा। बोर्ड को उम्मीद है कि इससे अधिक से अधिक खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर टेस्ट क्रिकेट में वेतन को लेकर नए मॉडल को मंजूरी मिल जाती है, तो इसे इस आईपीएल सत्र के समापन के बाद लागू किया जाएगा।

# कड़ी मेहनत कर अपने को साबित करने वालों को ही टीम में जगह मिलेगी : रोहित

**रांची ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि जो भी खिलाड़ी टीम में जगह बनाना चाहते हैं उन्हें घरेलू क्रिकेट के साथ ही टेस्ट प्रारुप में कड़ी मेहनत कर अपने को साबित करना होगा। इससे साथ ही उनके अंदर इस प्रारुप को खेलने की भूख होनी चाहिये। रोहित का ये बयान उन खिलाड़ियों को एक सख्त संदेह माना जा रहा है जो बिना मेहनत किये ही टीम में जगह बनाने का सपना देखते हैं। रोहित ने कहा कि केवल उन्हीं लोगों का टीम में जगह मिलेगी जो बेहतर प्रदर्शन और सफलता के भूखे हैं। उन्होंने टीम में पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप की जमकर प्रशंसा की है। रोहित ने कहा, 'जिन लोगों को भूख है हम उन्हीं लोगों को मौका देंगे। अगर किसी में सफलता की भूख नहीं है तो उनको खिलाने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। उन्होंने कहा, 'मैंने यहां टीम में कोई भी ऐसा खिलाड़ी नहीं देखा जो भूखा नहीं हो। सभी लड़के जो यहां हैं और जो नहीं हैं, वे सभी खेलना चाहते हैं उनमें सफलता की भूख होनी चाहिये। साथ ही कहा कि टेस्ट क्रिकेट में आपको बहुत कम अवसर मौके मिलते हैं पर अगर आप उनका लाभ नहीं उठाते तो वे निकल जाते हैं। हाल में इशान और श्रेयय अय्यर जैसे खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट खेलने से इंकार कर दिया था। उसके बाद भारतीय बोर्ड ने कहा था कि सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह बनाने घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। उसके बाद रोहित के बयान से साफ है कि घरेलू क्रिकेट की उपेक्षा नहीं की जा सकती। यह पूछने पर कि क्या आईपीएल लीग का आकर्षण युवा खिलाड़ियों के बीच टेस्ट क्रिकेट खेलने की चाहत को प्रभावित कर रही है तब रोहित ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है। यदि आप इस प्रारूप में



उत्कृष्टता और सफलता हासिल करना चाहते हैं तो आपको भूख दिखानी होगी। उन्होंने कहा, 'आईपीएल हमारे लिए बहुत अच्छा प्रारूप है लेकिन यह टेस्ट क्रिकेट सबसे कठिन प्रारूप है और इसमें उत्कृष्टता हासिल करना कठिन है।

## खास खबर



### रोनाल्डो विवादों में फंसे , लग सका है प्रतिबंध

**रियाद ।** पुर्तगाल के कप्तान और स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर प्रतिबंध का खतरा मंडरा रहा है। रोनाल्डो पर सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की ओर आपत्तिजनक इशारा करने के आरोप लगे हैं जिसकी जांच हो रही है। सोशल मीडिया पर आये एक वीडियो में रोनाल्डो के इस इशारे से दर्शक भड़क गये। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे थे। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। यह घटना हालांकि टीवी कैमरों में नजरी नहीं आयी पर इससे रोनाल्डो को कड़ी आलोचना झेलनी पड़ रही है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ इस घटना की जांच कर रहा है। इस मामले में आरोपों को सही पाये जाने पर रोनाल्डो को निलंबित भी किया जा सकता है। अल नासर का अगला मैच गुरुवार को होगा और अब उसमें रोनाल्डो का खेलना तय नहीं है। रोनाल्डो साल 2022 में सऊदी अरब के अल नासर क्लब से जुड़े थे। उसके बाद से ही उन्होंने अब तक सबसे ज्यादा 22 गोल दागे हैं।

### एलेना का हॉकी इंडिया के सीईओ पद से इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** हॉकी इंडिया की मुख्यकार्यकारी (सीईओ) रही एलेना नॉर्मन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वह पिछले 13 साल से सीईओ के पद पर थीं। एलेना के सीइके रहते हुए भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमों बेहतर हुई हैं। भारतीय महिलार टीम ने सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग हासिल की और साथ ही टोक्यो ओलंपिक खेलों में वह चौथे स्थान पर रही। वहीं पुरुष वर्ग में भारतीय टीम ने 41 साल के बाद कांस्य पदक हासिल किया। उनके रहते ही हॉकी इंडिया ने साल 2018 और साल 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप के लगातार दो संस्करणों की मेजबानी भी की है। इसके अलावा 2016 और 2021 में दो जूनियर पुरुष विश्व कप का सफल आयोजन करने के साथ ही हॉकी इंडिया लीग के पांच संस्करणों की भी सफलतापूर्वक मेजबानी की। इससे भारतीय टीम के युवा खिलाड़ियों को कुछ सबसे प्रतिष्ठित वैश्विक हॉकी सितारों के साथ खेलने का अवसर मिला जिससे उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ। हॉकी इंडिया ने एलेना के कार्यकाल में ही एफआईएच चैंपियंस ट्रॉफी, 2015 और 2017 में एफआईएच विश्व लीग फाइनल, 2019 और 2024 में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के साथ-साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग घरेलू खेलों सहित कई अंतरराष्ट्रीय हॉकी टूर्नामेंटों की भी मेजबानी की। एलेना का महिला हॉकी को आगे लाने में भी सबसे अधिक योगदान रहा। उनके कार्यकाल में ही टीम को पुरुष खिलाड़ियों के समान सुविधाएं प्रदान की गईं, जिसमें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों के जरिये अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में असाधारण प्रदर्शन पर नकद पुरस्कार भी शामिल रहे थे। उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली महिला टीम की सफलता में विशेष रूप से अहम भूमिका भी निभाई थी। यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी क्योंकि टीम ने पहली बार क्वालीफाई किया और 36 साल के बाद ओलंपिक में भाग लिया।



## डब्ल्यूएफआई ने बजरंग, विनेश को भी ट्रॉयल के लिए बुलाया

**साक्षी ने सोशल मीडिया के जरिये फेडरेशन पर कसा तंज**

**नई दिल्ली ।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को सीनियर एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप और एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर कुश्ती मुकाबले के ट्रायल के लिए बुलाया है। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने लिखा, मैं भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की सभी मान्यता प्राप्त इकाइयों को जानकारी दे रहा हूं कि एशियाई ओर ओलंपिक क्वालीफायर प्रतियोगिताओं के लिए टीम का चयन करने के लिए 10 और 11 मार्च को आईजी खेल परिसर के केडी जाधव कुश्ती इंडोर स्टेडियम में ट्रायल्स आयोजित किये जाएंगे। ऐसे मे सभी राज्य इकाइयों से अनुरोध है कि वे अपने खिलाड़ियों को ये जानकारी दें। वहीं साक्षी ने फेडरेशन की खिंचाई करने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें साक्षी मलिक ने कहा, टूटे हुए दिल और बहुत दुखी मन से संजय सिंह का भारतीय कुश्ती महासंघ में स्वागत है। अब लखनऊ में फिर से शिविर आयोजित होगा जबकि नेशनल नंदिनी नगर में आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान के बार फिर से शोषण की सभी हदें पार कर दी जाएंगी क्योंकि उन्हें रोकने वाला कोई नहीं है। इसदौरान संघर्ष में साथ देने वालों का मैं आभार व्यक्त करती हूं।

# क्रिकेट के विवाद में जमकर की मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोही गांव में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद की वजह से क्रिकेट ग्राउंड जंग का मैदान बन गया। क्रिकेट खेल रहे खिलाड़ियों ने दूसरे पक्ष के एक युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया वहीं थाना बिसरख क्षेत्र में भी क्रिकेट मैच के दौरान मारपीट की घटना हुई।

ग्राम रोई निवासी अंकुश ने थाना जेवर में दर्ज कराई रिपोर्ट बताया कि 25 फरवरी को गांव के लोग पार्क में क्रिकेट खेल रहे थे। नगला गणेशी गांव की टीम के खिलाडि़यों ने मैच के दौरान बेईमानी शुरू कर दी। इस बात का विरोध करने पर नगला गांव की टीम के विक्रांत विक्की उर्फ विकास सचिन सुमित आदि ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान क्रिकेट के बैट से भी उसकी पिटाई की गई। क्रिकेट मैच देख रहे लोगों ने किसी तरह उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया जिसके बाद वह जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

वहीं थाना बिसरख में दीपक भाटी ने मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। दीपक भाटी ने बताया कि 27 फरवरी को वह अपने साथियों के साथ क्रिकेट ग्राउंड राइस चौकी के पास क्रिकेट खेल रहा था। इस दौरान दूसरे पक्ष के कृष्ण यादव तिर्वा यादव 12 अन्य अज्ञात लोगों ने इकट्ठा होकर उसके साथ मारपीट की।

# साथियों संग सुरक्षागार्ड ने स्टोर से की चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 76 स्थित अम्रपाली क्रिस्टल होम बाबा कंस्ट्रक्शन की साइट पर सुरक्षा के लिए तैनात सिक्युरिटी गार्ड्स ने ही स्टोर में सेंध लगा दी।

सिक्योरिटी गार्डों ने अपने साथियों की मदद से स्टोर से बिजली के तार व सेनेटरी का सामान चोरी कर लिया। गार्डों की यह पूरी करतूत स्टोर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई आरोपियों के खिलाफ थाना सेक्टर 113 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

मूलरूप से जनपद हापुड निवासी राम भरोसे पिछले 1 साल से कंस्ट्रक्शन साइट पर स्टोर कीपर के रूप में कार्यरत है। थाने में दर्ज शिकायत में राम भरोसे ने बताया कि पिछले कुछ समय से स्टोर से सामान चोरी हो रहा था उसने इसकी सूचना प्रशासन कंपनी के अधिकारियों को दी। जिसके बाद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को चेक किया गया। सीसीटीवी फुटेज में कंस्ट्रक्शन कंपनी में तैनात सिक्योरिटी गार्ड सुपरवाइजर अजय कुमार मनोज कुमार तथा सचिन पांडे व एक अन्य अज्ञात युवक स्टोर में चोरी करते हुए दिखाई दिए।

आरोपियों ने चोरी की है घटना रात्रि के समय अंजाम दी। राम भरोसे के मुताबिक चारों आरोपियों ने स्टोर से बिजली के तार, एमसीबी, सेनेटरी का सामान नल फिटिंग आदि चोरी कर लिया। राम भरोसे के मुताबिक सिक्योरिटी गार्ड मरीन सिक्योरिटी कंपनी के द्वारा यहां नियुक्त किए गए थे और पिछले कई वर्षों से यहां कार्य कर रहे थे। स्टोर कीपर ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराते हुए सीसीटीवी फुटेज भी थाना सेक्टर-113 पुलिस को उपलब्ध कराई है।

थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर सिक्योरिटी गार्ड्स की तलाश कर रही है।



# मैं डार्क सिनेमा बनाने वाला निर्देशक नहीं बनना चाहता

लेखक, गीतकार और कॉमेडियन के रूप में वरुण ग्रोवर ने खासा अच्छा काम किया है। सेक्रेड गेम्स जैसी चर्चित सीरीज का यह लेखक दम लगा के हाइशा में मोह मोह के धागे के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी पा चुका है। कई फिल्मों और गीतों का लेखन कर चुके वरुण ग्रोवर इन दिनों चर्चा में हैं अपनी पहली फिल्म ऑल इंडिया रैंक के लिए, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म से उन्होंने बतौर डायरेक्टर डेब्यू किया है। हाल ही वरुण ग्रोवर से उनकी फिल्म, करियर और अन्य मुद्दों पर ातचीत की।

**आप बचपन में क्या बनना चाहते थे?**

मैं तो राइटर बनना चाहता था। हालांकि मुझसे कभी यह पूछा ही नहीं गया कि मुझे क्या बनना है? मैं पढ़ने में अच्छा था, मगर मुझे यह नहीं समझ में आता था कि मैं 16 साल का हूं और मुझे अभी से पूरी जिंदगी क्यों तय करनी है? मैं यही सोचता था कि अभी मैं 16 का हूं और अभी मैंने चुन लिया कि मुझे डॉक्टर या इंजीनियर बनना है, तो सारी जिंदगी मैं वही रहूंगा। मुझे कोई तीसरी चॉइस दी ही नहीं गई। मैं लिखता था, मगर मेरे पास आर्ट्स पढ़ने की चॉइस नहीं थी। मुझसे न कभी पूछा गया और ना कहा गया और मुझ में भी हिम्मत नहीं थी कि मैं कह सकूं कि मैं राइटर बनना चाहता हूं।

**हाल ही में विक्की कौशल ने आपकी फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया था, उनसे आपकी कैसी बॉन्डिंग है?**

विक्की से मेरा बहुत प्यारा रिश्ता है। बतौर स्क्रीन राइटर मसान मेरी पहली फिल्म थी और वह विक्की की भी एक्टर के रूप में पहली फिल्म थी। उस समय भी जब हम सेट पर मिलते थे, तो हमारी बहुत अच्छी दोस्ती हो गई थी। विक्की भी इंजीनियरिंग छोड़कर अपने सपनों को पूरा करने इंडस्ट्री में आए। मसान के समय हमारी जो दोस्ती बनी, वो इतनी पक्की थी कि आज तक कायम है। आज भी हम कहीं न कहीं टकरा ही जाते हैं। मुझे विक्की के अंदर की ईमानदारी बहुत आकर्षित करती है।

**आपकी फिल्म ऑल इंडिया रैंक 12वीं फेल से प्रेरित है?**

यह सवाल मुझे कई लोग पूछ रहे हैं कि ये फिल्म आपने उसके बाद बनाई क्या? तो इसके जवाब में मैं यही कहना चाहूंगा कि हमारी फिल्म का प्रीमियर पिछले साल 5 फरवरी को ही हो गया था और 12अद्ध फेल तो बाद में आई। इस फिल्म की स्क्रिप्ट मैंने 2014 में लिखी थी। फिल्म हमने 2022 में शूट कर ली थी, तो एक तरह से इसे बनाने में मुझे दस साल लग गए। पिछले साल इन्ही दिनों हम रोटरडैम में थे। हमारी फिल्म वहां के फेस्टिवल में दिखाई गई थी। हमारी फिल्म का 12वीं फेल से कुछ लेना-देना नहीं है। बस ये दोनों फिल्में एक समय पर आ गई हैं और इसलिए इनकी तुलना हो रही है। ये मेरी पर्सनल कहानी है।

**आपकी फिल्म कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई है, मगर क्या अब थिएट्रिकल रिलीज को लेकर आप नर्वस हैं?**

नर्वसनेस थोड़ी है, मगर ज्यादा नहीं है, क्योंकि मुझे दो चीजों पर भरोसा है। हमने अपनी पूरी ईमानदारी से फिल्म बनाई है। इसमें एक सचाई है। कॉमर्स की बात करू, तो मुझे यकीन है कि ये एक यूनिक कहानी है, जो अभी तक कही नहीं गई है। ये स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता के मानसिक हाल पर है, जिसे हमने हास्य अंदाज में दिखाया है। इसमें माता-पिता पर ज्यादा फोकस है।

**आप भविष्य में किस तरह के निर्देशक कहलाना पसंद करेंगे?**

अभी तो ये मेरी पहली फिल्म है, मगर फिर भी इतना जरूर कहना चाहूंगा कि मैं डार्क सिनेमा बनाने वाले निर्देशक के रूप में नहीं पहचाना जाना चाहता। मैं भले लेखक के रूप में सेक्रेड गेम्स जैसा डार्क कंटेंट नहीं बनाऊंगा। हां, लेखक के रूप में मुझे जो कहा जाएगा, मैं लिख कर परोस दूंगा। मैं अर्बन स्टाइल का सिनेमा बनाना चाहता हूं। मैं हमारे समय और हम जैसे मिडल क्लास लोगों की कहानियां लाना चाहता हूं, जिसमें ह्यूमर और म्यूजिक दोनों हो।



# हॉलिवुड डेब्यू करने जा रहीं हैं शोभिता

शोभिता धुलिपाला एक के बाद एक बेहतरीन प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अभिनेत्री आखिरी बार वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 में नजर आईं, जिसमें उन्होंने अपने अभिनय से काफी सुर्खियां बटोरीं। शोभिता इन दिनों हॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। वहीं, अभिनेत्री ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं?

शोभिता धूलिपाला हॉलीवुड फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अभिनेत्री देव पटेल के निर्देशन में बनी फिल्म मंकी मैन में नजर आएंगी। यह एक एक्शन फिल्म है। इस फिल्म से देव पटेल बतौर निर्देशक डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म जॉर्डन पील के मंकीपॉ और यूनिवर्सल के जरिए रिलीज होगी। इस फिल्म में मकरंद देशपांडे, सिकंदर खेर, शार्ल्टो कोपले, पितोबाश, विपिन शर्मा, अदिति कालकुंटे और अश्विनी कालसेकर भी हैं। मंकी मैन का निर्माण देव पटेल, जोमन थॉमस, जॉर्डन पील, विन रोसेनफेल्ड, इयान कूपर, बेसिल इवानिक, एरिका ली, क्रिस्टीन हैबलर और अंजय नागपाल के जरिए किया गया है। बताया जा रहा है कि यह फिल्म भगवान हनुमान की कथा से प्रेरित है।

शोभिता ने बातचीत के दौरान पूछा गया कि वे अपने जीवन में क्या करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, मैं ईमानदारी से कहूं तो, मुझे लगता है कि मैं जिस अनुभव का इंतजार कर रही हूं, वह मातृत्व है। जब भी यह खूबसूरत समय आएगा, तो वह आश्चर्यजनक होगा। अभिनेत्री का यह बयान उस समय आया है, जब उनकी नागा चैतन्य से डेटिंग की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, अभिनेत्री ने कुछ समय पहले अपनी डेटिंग अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी थी। शोभिता ने कहा, जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने की जरूरत है, जब मैं कोई गलत काम नहीं कर रही हूं, तो मुझे चीजों को स्पष्ट करने की जरूरत महसूस नहीं होती। शोभिता के वर्कफ्रंट की बात करें, तो अभिनेत्री जोया अख्तर और रीमा कागती की हालिया रिलीज वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 के अलावा मेड इन हेवन और द नाइट मैनेजर वेब शो और मन राघव 2.0, कालाकांडी जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वह आलिया भट्ट की फिल्म जिगरा में भी नजर आएंगी। जिगरा फिल्म का निर्देशन वासन बाला के जरिए किया गया है।

# मैं दोबारा 21 साल की दिखना नहीं चाहती



फिल्म इंडस्ट्री में करीना कपूर को 20 साल से ज्यादा का समय हो गया है। अपनी फिल्मों और अभिनय से वह लगातार फैंस का दिल जीत रही हैं। यही वजह है कि उन्हें प्यार से सब बेबो बुलाते हैं। करीना की अगली फिल्म 'द क्रू' है। हाल ही में करीना कपूर ने उम्र को लेकर अपने विचार साझा किए। अगर आपको लगता है कि बेबो आज भी स्वीट 16 दिखना चाहती हैं, तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। बढ़ती उम्र के साथ उन्हें वापस से 21 साल जैसा दिखना पसंद नहीं। करीना की उम्र 40 पार हो चुकी है फिलहाल वह 43 साल की हैं, लेकिन उन्हें इससे कोई दिक्कत नहीं। न ही उनकी ऐसी इच्छा है कि वह खुद को 20 या 21 साल जितना यंग दिखाएं। गौरतलब है कि करीना की अगली मूवी द क्रू में उनके साथ तब्बू और कृति सेनन भी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान करीना ने बताया, 'मेरी उम्र 40 को पार कर चुकी है, इससे मुझे कोई आपत्ति नहीं, बल्कि अपनी उम्र को गले लगाना मुझे पसंद है। उम्र सिर्फ एक नंबर है। आप उम्र दराज तब दिखते हैं, जब आप खुद को ऐसा रखते हैं। आपको खुद को फिट रखने की जरूरत होती है। हम एक विजुअल मीडियम में काम करते हैं। फिल्मों में काम करते हैं, तो हमें खुद का ख्याल रखना, फिट रखना और अच्छा दिखना जरूरी है। मैं दोबारा से 21 साल की दिखना नहीं चाहती। मैं उम्र के जिस पड़ाव में हूं बहुत खुश हूं।' करीना की नजर में उन्होंने और उनकी जैसी दूसरी हीरोइनों ने इंडस्ट्री का ट्रेंड ही बदल दिया है। करीना कहती हैं,'अब एक्ट्रेसेज बहुत ही मजबूत किरदार निभा रही हैं। इससे हीरोइनों को भी अब अहम किरदार निभाने के लिए दिए जा रहे हैं।

# 8 साल बाद टीवी पर लौट रही हैं दीपिका सिंह

टेलीविजन एक्ट्रेस दीपिका सिंह को लोग दीया और बाती हम की संध्या राठी के रोल के लिए जानते हैं और उन्हें पसंद भी करते हैं। लेकिन अब वो पूरे आठ सालों के गैप के बाद एक फिर से टीवी पर लौट रही हैं। दीया और बाती हम के बाद, दीपिका ने द रियल सोलमेट (2018) के साथ अपना ओटीटी डेब्यू किया और तीन साल बाद, दीपिका ने सोशल ड्रामा टीटू अंबानी के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया। दीपिका की पहली फिल्म का निर्देशन उनके पति रोहित राज गोयल ने किया था और तारीफें बटोरने के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर छाप छोड़ने में असफल रही। लेकिन अब वो अपने नए टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी के साथ फिर से वापसी कर रही हैं।

**सबसे पहले बताएं कि आपका नया सीरियल किस बारे में है, क्या थीम है?**

ये कहानी है मंगल और उसकी बहन की। मंगल चाहती है कि उसकी बहन को ऐसा घर मिले जहां उसका सम्मान हो। वो कहती है कि काम के साथ-साथ उसे सम्मान भी मिले। एक और खूबसूरत चीज है जो मैंने कहीं किसी फिल्म या शो में नहीं देखा कि इसमें अलग बात है।

**लंबे वक्त के बाद टीवी पर वापसी कर रही हैं, क्या कहना चाहेंगी?**

लो कहते हैं ना कि खाना तभी खाना चाहिए जब भूख लगे। मेरा मानना है कि तब तक काम नहीं करना चाहिए जब तक मन ना हो। मैं काम करने के लिए मर रही थी। मैं भगवान और मेकर्स की शुक्रगुजार हूं कि ये मुझे मिला।

**लंबे वक्त से आपको अपने हिसाब के शोज मिल नहीं रहे थे या ऑफर ही नहीं हो रहे थे?**

नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। टीवी से हमेशा मुझे प्यार और सम्मान मिला है। मुझे हमेशा से ऑफर आते थे। मेरे परिवार में सब कहते थे कि मैं क्यों नहीं कर रही एक भी काम। मैंने लंबे वक्त तक बस सबको मना किया। लेकिन मुझे पता था कि मैं गलत नहीं कर रही हूं। मैंने इस समय में दूसरी चीजें सीखीं। इस दौरान, मैं मेरे बेटे के साथ वक्त बिता रही थी, उसे पाल रही थी।

**आपने बीच में एक फिल्म भी की थी ओटीटी पर, और फिर टीवी पर दिख रही हैं, तो क्या क्या फर्क लगा टीवी और फिल्मों में?**

मैं बहुत लकी हूं कि रोहित ने इतनी खूबसूरत फिल्म लिखी। मैंने उसमें मौसमी का किरदार निभाया। उन्होंने सोचा कि मैं फिल्म भी कर सकती हूं। हमें उस फिल्म के लिए बहुत सराहना मिली। वो उतनी सक्सेसफुल नहीं थी लेकिन मुझे मेरी एक्टिंग के लिए बहुत सराहा गया।


**जैसा आपका सीरियल आ रहा है मंगल के संघर्ष की कहानी का, इसमें आपके पति का रोल थोड़ा रूड दिखाया गया है, क्या आपके सामने कभी रियल लाइफ में ऐसी सिचुएशन आई है कि पति से ओपिनियन मैच ना हो और आपको अपने हिसाब से चीजें करनी हों?**

मैं बहुत इंडिपेंडेंट औरत हूं। शादी से पहले से ही मैं बहुत स्टेबल थी और मेरे अपने ओपिनियन बहुत स्ट्रॉन्ग होते हैं। कहीं न कहीं मैं लड़ाई में पड़ना नहीं चाहती। मैं मेरे पति को मेंटर की तरह देखती हूं और कभी अगर ऐसा होता है तो मैं इसे सम्मान के साथ लेती हूं। उनकी बात मुझे सही लगती है, तो मैं मानती हूं। मुझे लगता है कि सही नहीं है, तो उनकी बात काट देती हूं।

**जब आपने डेब्यू किया था और अब का समय, आपके लिए कितना चैलेंजिंग रहा है?**

मेरे लिए बहुत सारे चैलेंज आए हैं। लेकिन इतने साल काम करने के बाद एक एक्सपीरियंस आ जाता है। कॉन्फिडेंस बढ़ जाता है। विश्वास आ जाता है कि सब हो जाएगा। वैसे हर दिन मेरे लिए एक नया चैलेंज है।





# शाहरुख खान के साथ अभिनय करना बचपन का सपना

भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी फिल्म भक्षक को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी अदाकारी की जमकर तारीफ हो रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस फिल्म का निर्माण शाहरुख खान की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज ने किया है। फिल्मों के अलावा भूमि सोशल मीडिया पर भी काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर लोगों के सवालों के जवाब देने के लिए एक सत्र का आयोजन किया था। इस दौरान उन्होंने फैंस के बहुत से प्रश्नों का उत्तर दिया। इस सेशन के दौरान जब अभिनेत्री से एक फैन ने पूछा कि आप भविष्य में किस एक्टर के साथ काम करना चाहेंगी? इस पर भूमि ने बिना देर लगाए शाहरुख खान का नाम लिया। उन्होंने बताया कि किंग खान के साथ फिल्म में काम करने का उनका बचपन का सपना है।

अभिनेत्री ने साझा की गई वीडियो स्टोरी में कहा, यार ईमानदारी से कहूं तो अभिनेता अभिनेता क्या सुपरस्टार, शाहरुख सर के साथ फिल्म में काम करने का बचपन का सपना है। मैं इसके बहुत नजदीक पहुंच चुकी हूं, क्योंकि उन्होंने भक्षक का निर्माण किया है। सबसे कमाल की बात यह है कि डंकी और भक्षक, दोनों नेटफ्लिक्स पर ट्रेंड कर रहे हैं, मेरा सपना है शाहरुख सर के साथ अभिनय करने का। वे सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा, एसआरके आप किंग हैं। उन्होंने बताया था कि उनकी भी हॉलीवुड में काम करने के आकांक्षाएं हैं और यह कलाकारों के लिए महत्वाकांक्षी होने का यह सबसे अच्छा समय है क्योंकि दुनिया अब संस्कृतियों, विविधता और प्रामाणिकता का मिश्रण है।



# शाहरुख खान के साथ फिर काम करेंगे एटली

शाहरुख खान के साथ फिल्म जवान बनाने वाले एटली कुमार अब एक्टर के साथ एक और फिल्म बनाना चाहते हैं। तमिल फिल्मों के डायरेक्टर एटली, शाहरुख के बड़े फैन हैं और हमेशा से उनके साथ काम करना चाहते थे। जब यह ख्वाहिश जवान में पूरी हुई, तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एटली ने शाहरुख को भारतीय सिनेमा में स्टारडम और शालीनता का प्रतीक बताया। एटली कुमार ने शाहरुख खान की खूब तारीफ की, और उनके साथ दोबारा काम करने की इच्छा भी जाहिर की। एटली ने कहा कि वह अब जवान से भी तगड़ा सब्जेक्ट लेकर आएंगे, और उसे शाहरुख के साथ बनाएंगे। वह बोले, मुझे उनकी सभी फिल्में पसंद हैं, दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे, कुछ कुछ होता है, ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस...लिस्ट लंबी है और मैं आगे भी नाम गिना सकता हूं। मेरे लिए वह दुनिया भर में भारतीय सिनेमा का चेहरा हैं। शाहरुख सर के साथ काम करना एक सपना है। सौभाग्य से, मुझे अपनी पांचवीं फिल्म में ऐसा करने का मौका मिला। भगवान की कृपा रही है और मुझे लगता है कि मैंने इसके साथ न्याय किया है।

### शाहरुख के साथ दोबारा काम करने पर यह बोले एटली

एटली से जब पूछा गया कि क्या भविष्य में शाहरुख के साथ दोबारा काम करने की संभावना है, तो वह बोले, बिल्कुल, मैं उनके साथ दोबारा काम करूंगा। मैं जवान से भी अच्छा सब्जेक्ट लेकर आऊंगा और जरूर उनके पास जाऊंगा। फिर उसे मैं उन्हें सुनाऊंगा। अगर शाहरुख सर को पसंद आया, तो जरूर ऐसा होगा कि हम दोनों फिर से साथ में काम करेंगे। मुझे पता है कि वह मुझसे बहुत प्यार करते हैं। मैंने अपनी जिंदगी में उनके जितना अच्छा इंसान नहीं देखा। धन्यवाद, शाहरुख सर। मैं एक बार आपके पास फिर आऊंगा जब जवान से भी बड़ा कुछ क्रैक कर लूंगा। मैं बिल्कुल आपसे पास आऊंगा।

# मराठी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े ने की सगाई



मराठी टीवी अभिनेत्री तितीक्षा तावड़े किसी पहचान की मुहताज नहीं हैं। अभिनेत्री इन दिनों सातव्य मुलिची सातवी मुलगी सीरियल में नजर आ रही हैं। इसी बीच तितीक्षा ने अपने फैंस के साथ बड़ी खुशखबरी साझा की है। छोटे पर्दे की चर्चित अभिनेत्री ने अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड और अभिनेता सिद्धार्थ बोडके से सगाई कर ली है। कपल ने सोशल मीडिया पर सगाई की मनमोहक तस्वीरें साझा की हैं, जिन पर फैंस और सितारे दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। सगाई की तस्वीरों को साझा करते हुए तितीक्षा तावड़े और सिद्धार्थ बोडके ने कैप्शन में लिखा, हमेशा के लिए अपने सबसे अच्छे दोस्त के साथ। कपल की सगाई की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गई हैं। मराठी इंडस्ट्री के सितारे तितीक्षा और सिद्धार्थ को दिल खोलकर बधाइयां दे रहे हैं।

# सीईओ के निर्देश का अनुपालन नहीं कर रहे अधिकारी

## विभागीय निरीक्षण में फिर उड़ती पाई गई पूर्व निर्देशों की धज्जियां

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के सीईओ के कड़े निर्देशों का भी कुछ अधिकारी अनुपालन नहीं कर रहे हैं। ऐसा पहले भी कई बार देखा गया। कल फिर आवासीय भूखंड विभाग के निरीक्षण में ऐसा ही नजारा देखने को मिला। सीईओ ने प्रबंधक आलोक अग्रवाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये तथा सहायक महाप्रबंधक को चेतावनी दी।



निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रिकार्ड रूम में पत्रावलियां अस्त-व्यस्त रखी हुई थी। पत्रावलियों के मूवमेन्ट का कोई रजिस्टर नहीं बनाया गया। पूर्व में कर्मियों को पत्रावलियों के मूवेमेन्ट और उनके रखरखाव का प्रशिक्षण दिया गया था, परन्तु प्रशिक्षण के बावजूद भी पत्रावलियों का मूवमेन्ट एवं रखरखाव उचित नहीं पाया गया। इस कार्य का प्रबन्धक / सहा. महाप्रबन्धक को पर्यवेक्षण किया जाना चाहिए था, जो उनके द्वारा नहीं किया जा रहा था। कार्यालय वीजिटर का रजिस्टर नहीं बना है। कार्यालय में साफ-सफाई भी ठीक नहीं पायी गयी। कार्यालय में हेल्प डेस्क नहीं बनायी गयी है। कार्यालय में एक हेल्प डेस्क बनाने के निर्देश दिये गये ताकि आगन्तुकों को अपनी छोटी-छोटी पृच्छाओं के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। पटल सहायकों के नाम एवं पदनाम की पट्टिका नहीं पायी गयी।

मौके पर समस्त पटल सहायकों/कार्यालय अधीक्षकों के सीट पर उनके नाम एवं पदनाम की एवं उनको आवंटित कार्यक्षेत्र का विवरण की पट्टिका लगाने के निर्देश दिये गये है। मौके पर ही अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सतीश पाल एवं अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी-कार्मिक को बुलाया गया तथा कार्यालय की कार्य प्रणाली में सुधार किये जाने एवं सम्बन्धित के विरूद्ध दो दिन के अन्दर कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। कार्यालय में कई आबंटी/आगन्तुक कई-कई दिनों से कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे, उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही थी।

मौके पर ही आवंटियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनका तत्काल निपटारा किये जाने हेतु सहायक महाप्रबन्धक एवं प्रबन्धक आवासीय भूखण्ड को निर्देश दिये गये। कार्यालय में पत्रावलियों का रखरखाव ठीक नहीं होने, प्राप्त आवेदनों का समय से निस्तारण सुनिश्चित नहीं कराने एवं कार्यालय सहायकों के कार्य का पर्यवेक्षण नहीं किये जाने के लिए आलोक अग्रवाल, प्रबन्धक आवासीय भूखण्ड को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई तथा सहा0 महाप्रबन्धक को चेतावनी जारी की गई।

# वेतन व भत्ते में वृद्धि से प्राधिकरण कर्मचारी गदगद



## एनईए अध्यक्ष ने सीईओ का जताया आभार

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण के कर्मचारियों को विभिन्न मदो में मिलने वाले भत्तों में बढ़ोतरी से प्राधिकरण कार्यालय में मंगलवार को खुशी का माहौल देखा गया।

एनईए के अध्यक्ष चौ राजकुमार सिंह ने बताया कि पिछले कई माह से प्राधिकरण कर्मचारियों को वेतन के साथ मिलने वाले विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी किए जाने के लिए एसोसिएशन प्रयासरत थी। जिसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम द्वारा कर्मचारी एवं प्राधिकरण हित में स्वीकृति प्रदान कर दी। जिससे सम्बंधित कार्यालय आदेश भी प्राधिकरण द्वारा जारी कर दिए गए हैं। वेतन में बढ़ोतरी होने से प्राधिकरण के समस्त कर्मचारियों में खुशी का माहौल है। समस्त कर्मचारियों की तरफ से एसोसिएशन ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ लोकेश एम को मिठाई खिलाकर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष राजकुमार सिंह महासचिव जितेंद्र कुमार उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा वीरपाल सचिव नीरज राणा अमित कुमार कोषाध्यक्ष सुभाष चंद्र आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# एनईए में पीएफ का कैंप आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** नौएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन में क्षेत्रीय कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा निधि आपके निकट 2.0 के अर्न्तगत एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त शंशाक दिनकर, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 डा0 जोगेन्द्र एंव सहा. आयुक्त दिव्य ज्योति, रविन्द्र कुमार ने कर्मचारी भविष्य निधि के अर्न्तगत मिलने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी।




कैंप में अंशदाताओ के ईसीआर, रिर्टन, केवाईसी सीडिंग और सदस्य विवरण सुधार/ अपडेशन, उच्चतर वेतन पर पेंशन, प्रमुख नियोक्ता पोर्टल पर ठेकेदारों की जानकारी तथा यू.ए.एन. जनरेट करना आदि से संबधित समस्याओं का समाधान किया गया।

इस अवसर पर एनईए के अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन, महासचिव वी0के0सेठ, वरि0 उपाध्यक्ष हरीश जोनेजा, राकेश कोहली, कोषाध्यक्ष शरद चन्द्र जैन, उपाध्यक्ष आर.एम. जिंदल, सचिव विरेन्द्र नरूला, राहुल नैययर, राजन खुराना, कमल कुमार, सह. कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी, सह सचिव जी.के. बंसल, मौ. असफाक, प्रदीप अग्रवाल, दलीप मल्होत्रा, वी0 राम कुमार, पियूष मंगला, परवेश ठुकराल, अजय अग्रवाल, प्रदीप कपूर सहित कई उद्यमी उपस्थित थे।



# डीएम ने किया ईवीएम/वीवी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण

**नोएडा (चेतना मंच)।** भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस गोदाम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि गण एवं संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। जिला मजिस्ट्रेट ने वेयर हाउस में निरीक्षण के दौरान संबंधित में स्टाफ से वार्ता करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सीसीटीवी का भी अवलोकन किया गया, जोकि क्रियाशील पाए गए। इस अवसर पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा वेयर हाउस की सुरक्षा में लगे संबंधित अधिकारियों को ईवीएम मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार द्वारा ईवीएम/ वीवीपैट वेयर हाउस गोदाम की सभी व्यवस्थाओं से जिला अधिकारी को अवगत कराया गया।

# बुंदेलखंड को प्रथक राज्य का दर्जा मिले : राजा बुंदेला



**नोएडा (चेतना मंच)।** रविवार को बुंदेलखंड ट्रस्ट रजि. द्वारा बुंदेली आन, बान, शान तथा सर्वांगीण विकास को समर्पित एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक उत्थान का एक दिवसीय बुंदेली उत्सव आयोजन किया गया। अपनो बुंदेलखंड ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश सक्सेना तथा संरक्षक राजा बुंदेला ने बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन उद्योग, खनिज संपदा, फिल्म, खेलकूद शिक्षा, एवम् अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था आदि की अनंत संभावनाओं की ओर ध्यान देते हुए सरकार से मांग की है कि विकसित भारत में बुंदेलखंड को अपना स्थान मिलना चाहिए। बुंदेली उत्सव के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड के विकास में हमारा जो भी सहयोग होगा मैं हमेशा साथ रहूंगा।

बुंदेलखंड विकास परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश चौबे द्वारा बुंदेलखंड में विकास की अपार संभावनाओं पर चर्चा करते हुए कहा की बुंदेलखंड में अच्छी स्वास्थ्य व्यवस्था और अच्छी पढ़ाई व्यवस्था भी होनी चाहिए, कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजा बुंदेला ने पृथक बुंदेलखंड की मांग करते हुए कहा की सब बीमारियों का एक की इलाज बुंदेलखंड राज्य।

कार्यक्रम को सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता धीरेंद्र परमार ,साइबर क्राइम विशेषज्ञ, विराग गुप्ता, समाजसेवी हरिमोहन विश्वकर्मा, इतिहासकार यशवंत बुंदेला ,साहित्यकार विवेक मिश्र ने भी अपने गंभीर विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का कुशल संचालन डाक्टर राजेंद्र पुरवार के द्वारा किया गया और अंत में कृष्ण कुमार दीक्षित पूर्व डिप्टी कमिश्नर के द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, गृहमंत्री को प्रेषित ज्ञापन को पढ़कर सभी को सुनाया और कार्यक्रम के समापन के बाद एक प्रतिनिधि मण्डल के द्वारा राष्ट्रपति, प्रधानमन्त्री, गृहमंत्री को ज्ञापन दिया गया।

# कार्यशाला में दीदियों को मार्केटिंग के गुर सिखाए

**नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा समर्थित सरस मेले में 12वें दिन मंगलवार को लोगों ने जमकर खरीददारी की। सेक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में आयोजित सरस मेले में हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस की खासी धूम रही।




सरस मेले में मंगलवार को 12वें दिन दीदियों के लिए सूक्ष्म उद्यमों/किसान उत्पादक कंपनियों की स्थिरता नामक विषय पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में वरिष्ठ सलाहकार ग्रामीण आजीविका नीति आयोग आरिफ एम. अख्तर ने सभी दीदियों कोकुशल मार्केटिंग के गुर बताए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) की दिल्ली शाख प्रभारी डॉ रुचिरा भट्टाचार्य ने सभी दीदियों उनके कारोबार को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। वर्कशॉप में मुख्य रूप से एनआईआरडीपीआर के असिस्टेंट डायरेक्टर चिरंजीलाल कटारिया, सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित उनकी टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सरस मेले में मंगलवार को तमिलनाडु के हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस, साडी तथा बम्बू उत्पाद लोगों की पसंद बने। जबकि तेलंगाना हैंडलूम एवं हैंडीक्राफट के प्रोडक्टस में साडी, बेडशीट तथा ड्रैस मैटिरियल की जमकर खरीददारी हुई। वहीं उत्तराखंड के हैंडीक्राफट और हैंडलूम के आकर्षक उत्पादों की धूम रही। जबकि उत्तर प्रदेश के हथकरघा उत्पाद लोगों को पसंद आए।

